दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-37 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 15 मार्च 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## भारत के लिए राहत भरी खबर, एलपीजी से लदे दो भारतीय जहाज होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित रवाना



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने शनिवार को बताया कि 'शिवालिक' और 'नंदा देवी' नामक दो एलपीजी टैंकर जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। इन जहाजों में करीब 92,700 मीट्रिक टन एलपीजी लदी हुई है। पोर्ट्स, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने एक ब्रीफिंग के दौरान बताया कि इन टैंकरों के भारत पहुंचने के लिए क्रमश: मुंद्रा और कांडला बंदरगाह निर्धारित किए गए हैं। उनके मुताबिक, शिवालिक के 16 मार्च और नंदा देवी के 17 मार्च तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इन दोनों जहाजों के सुरक्षित पार होने के बाद अब फारस की खाड़ी में 22 भारतीय ध्वज वाले जहाज मौजूद हैं, जिनमें कुल 611 भारतीय नाविक सवार हैं।

सिन्हा ने कहा कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में उनके साथ किसी भी तरह की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि पहले इस क्षेत्र में 24 भारतीय ध्वज वाले जहाज होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिम में मौजूद थे, जिनमें से दो जहाज सुरक्षित रूप से आगे बढ़ चुके हैं।

ये दोनों एलपीजी टैंकर सरकारी कंपनी शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के स्वामित्व में हैं।

इस बीच भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने शनिवार को कहा कि तेहरान ने कुछ भारतीय जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी है, हालांकि उन्होंने इससे जुड़े संचालन संबंधी अधिक विवरण साझा करने से इनकार कर दिया।

## गैस सिलेंडर की लाइन में लगे 75 साल के बुजुर्ग की अचानक थम गई सांसें, तड़प कर गिरे जमीन पर; हो गई मौत

फर्रुखाबाद (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद शहर से एक बेहद दर्दनाक और विचलित कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां घर के लिए गैस सिलेंडर लेने गए एक 75 वर्षीय बुजुर्ग की अचानक लाइन में खड़े-खड़े हार्ट अटैक से मौत हो गई। इस दुखद घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें जमीन पर बेहोश पड़े बुजुर्ग की जान बचाने के लिए दो युवक बारी-बारी से उन्हें सीपीआर (CPR) देते हुए नजर आ रहे हैं। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।सुबह साढ़े छह बजे गैस लेने निकले थे बुजुर्ग, 9 बजे बिगड़ी तबीयतइस पूरी घटना की जानकारी देते हुए गढ़ी खान खाना मोहल्ले के रहने वाले मृतक के बेटे शाहनवाज ने बताया कि उनके 75 वर्षीय पिता मुख्तार अंसारी सुबह करीब साढ़े छह बजे घर से गैस सिलेंडर लेने के लिए निकले थे। गैस एजेंसी पर भीड़ होने के कारण वह अपनी बारी के इंतजार में लाइन में लग गए।



## पंजाब में नहीं होगा अकाली-भाजपा गठबंधन, मोगा रैली में अमित शाह का बड़ा ऐलान

मोगा (आरएनएस)। पंजाब में साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मियां काफी तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी (BJP) आज मोगा में एक विशाल रैली कर रही है। इस रैली में हुंकार भरने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह खुद मैदान में उतरे हैं। उन्होंने अपने कड़े संबोधन से पंजाब की सियासत में हलचल तेज कर दी है और आने वाले चुनावों के लिए पार्टी का स्पष्ट स्टैंड भी सबके सामने रख दिया है।रैली में शिरकत करने पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज एक बिल्कुल अलग ही अंदाज में नजर आए।



देहरादून में, विभिन्न मांगों को लेकर किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को रोका।

## लद्दाख में हिंसा के बाद जेल में बंद सोनम वांगचुक की होगी रिहाई, गृह मंत्रालय का बड़ा फैसला

नई दिल्ली (आरएनएस)। लद्दाख के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक जल्द ही जेल से बाहर आएंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उनकी रिहाई के आदेश जारी कर दिए हैं। सरकार का कहना है कि यह कदम लद्दाख में शांति, स्थिरता और आपसी विश्वास का माहौल कायम करने के लिए उठाया गया है, ताकि सभी पक्षों के साथ एक रचनात्मक और सार्थक बातचीत की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। इस महत्वपूर्ण उद्देश्य और उचित विचार-विमर्श के बाद ही सरकार ने सोनम वांगचुक की हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का बड़ा फैसला लिया है। इसके साथ ही सरकार ने लद्दाख की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई है।

राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत जोधपुर जेल में थे बंद



सोनम वांगचुक इस समय राजस्थान की जोधपुर केंद्रीय जेल में बंद हैं। पिछले साल 24 सितंबर 2025 को शांतिप्रिय शहर लेह में कानून-व्यवस्था की बेहद गंभीर स्थिति पैदा हो गई थी। इसके बाद, सार्वजनिक व्यवस्था और शांति बनाए रखने के उद्देश्य से लेह के जिला मजिस्ट्रेट ने एक सख्त आदेश जारी किया था।

इसी आदेश के तहत 26 सितंबर 2025 को वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के कड़े प्रावधानों के अंतर्गत हिरासत में लिया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनम वांगचुक इस अधिनियम के तहत अपनी हिरासत की अवधि का लगभग आधा समय पूरा कर चुके हैं और अब उन्हें रिहा किया जा रहा है।

वांगचुक की गिरफ्तारी का सीधा संबंध लद्दाख में हुए उग्र विरोध प्रदर्शनों से था। उनकी हिरासत से ठीक दो दिन पहले, लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और इसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर भयंकर हिंसक प्रदर्शन हुए थे। इन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं में चार लोगों की जान चली गई थी।

## देशभर के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं, जमाखोरी से बचें : पेट्रोलियम मंत्रालय

नई दिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि देश भर के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि घबराकर ईंधन जमा करने की कोशिश न करें और पेट्रोल या डीजल को ढीले या असुरक्षित कंटेनरों में भरकर न रखें, क्योंकि इससे सुरक्षा का बड़ा खतरा हो सकता है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त ईंधन का स्टॉक मौजूद है और कहीं भी कमी नहीं है।



मंत्रालय ने कहा, देश भर के रिटेल आउटलेट्स पर पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे ईंधन को ढीले या अनुपयुक्त कंटेनरों में न लें और न ही स्टोर करें, क्योंकि इससे गंभीर सुरक्षा जोखिम पैदा हो सकता है। मंत्रालय के अनुसार, तमिलनाडु के एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल को ढीले कंटेनर में भरते हुए देखा गया था, जो कि असुरक्षित और अनुचित है।

## मच्छर भगाने के लिए जलाई अगरबत्ती बनी काल, स्कॉर्पियो में जिंदा जलकर युवक की मौत

जबलपुर ,(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के जबलपुर में शनिवार सुबह एक बेहद दर्दनाक और रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा सामने आया है। यहां सड़क किनारे खड़ी एक पुरानी स्कॉर्पियो कार में अचानक भीषण आग लग गई, जिसमें बुरी तरह झुलसकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोग उस वक्त दहशत में आ गए, जब उन्होंने धू-धू कर जलती कार के अंदर से किसी के चीखने-चिल्लाने की आवाजें सुनीं। यह खौफनाक घटना जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर सिहोरा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 की है, जहां मच्छर भगाने के लिए जलाई गई एक छोटी सी अगरबत्ती ने पलक झपकते ही एक जान ले ली। पुलिस की प्रारंभिक जांच और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और पिछले 10 से 15 सालों से इसी पुरानी और लावारिस हालत में खड़ी स्कॉर्पियो कार में अपना जीवन बिता रहा था।



## सामाजिक सद्भाव बढ़ाने का सशक्त माध्यम हैं सामूहिक विवाह : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### पहले बेटियों के जन्म से ही विवाह की सताती थी चिंता, अब सरकार कर रही बेटियों का कन्यादान

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी संस्कृति के मूल में सामाजिकता है, सद्भाव है और इस सद्भाव को बढ़ाने में सामूहिक विवाह सम्मेलन एक बड़ा ही मजबूत और कारगर माध्यम है। बेटियों के पाणिग्रहण संस्कार से बड़ा पुण्य का, कोई दूसरा काम हो ही नहीं सकता। पहले बेटी के जन्म होने के साथ ही उसके परिवार को बेटी की शादी की चिंता सताती थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार बेटियों का कन्यादान और विदाई कर रही है। इस योजना से प्रदेश के गरीब-वंचित और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का घर बस रहा है। जन्म से लेकर पढ़ाई, नौकरी, मातृत्व और विवाह तक हमारी सरकार हर कदम पर बहनों-बेटियों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मितव्ययिता बेहद जरूरी है। इसलिए शादी-ब्याह में होने वाले फिजूलखर्चों से हमेशा बचें। अपने बेटे-बेटियों का विवाह/निकाह सामान्य समारोह या सामूहिक



विवाह सम्मेलन में ही करें। इससे जो धन बचे, वह अपने बच्चों के बेहतर जीवन के लिए बचाकर रखें। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने अपने पुत्र का विवाह भी सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही कराया है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से शुजालपुर (जिला शाजापुर) में हुए सर्व धर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बेटियों के सम्मान, इनके सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा के लिए सदैव ही प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नवविवाहित जोड़ों को बधाई और सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। सम्मेलन में 200 बेटियों का सामूहिक विवाह/निकाह सम्पन्न हुआ। इसमें 162 बेटियों का विधि-विधान से विवाह और 38 बेटियों का कबूलियत निकाह कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नवविवाहित जोड़े को मंगलाशीष के तौर पर सरकार की ओर से गृहस्थी के लिए 49-49 हजार रूपए दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सामूहिक विवाह सम्मेलन वर-वधु को जन्म-जन्मांतर तक साथ देने की अमरता की बेला का उत्सव है।




## भारत में पहली बार इच्छामृत्यु की प्रक्रिया शुरू, हरीश राणा एम्स लाए गए; अब धीरे-धीरे हटाया जाएगा लाइफ सपोर्ट

नई दिल्ली/गाजियाबाद(आरएनएस)। जिले के राजनगर एक्सटेंशन स्थित राज एंपायर सोसाइटी के निवासी 32 वर्षीय हरीश राणा को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर परोक्ष इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) के लिए एम्स दिल्ली के पैलिएटिव केयर विभाग में गोपनीय तरीके से शिफ्ट कर दिया गया है। यह पूरी कार्रवाई सीएमओ की देखरेख में की गई यह भारत में पहला ऐसा मामला है जहां सुप्रीम कोर्ट ने किसी व्यक्ति को इच्छामृत्यु की अनुमति दी है।

हरीश वर्ष 2013 में चंडीगढ़ में एक हादसे में चौथी मंजिल से गिरने के बाद स्थायी वेजिटेटिव स्टेट में हैं। पिछले 13 वर्षों से वे अचेत अवस्था में बिस्तर पर पड़े हुए हैं और लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर निर्भर हैं। उनके माता-पिता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर लाइफ सपोर्ट हटाने की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया है।

एम्स की मेडिकल रिपोर्ट में भी हरीश के ठीक होने की कोई संभावना नहीं बताई गई थी। अब एम्स में पैलिएटिव केयर में भर्ती कर लाइफ सपोर्ट (फूड पाइप आदि) धीरे-धीरे हटाने की प्रक्रिया शुरू होगी ताकि प्राकृतिक रूप से गरिमापूर्ण अंतिम विदाई दी जा सके। बताया जा रहा कि उन्हें गाजियाबाद से एम्स तक एक ऐसे वाहन में लाया गया जिसमें एंबुलेंस की सुविधाएं तो थीं लेकिन बाहर से कोई प्रतीक नहीं था।

## मध्य प्रदेश में तेज गर्मी का दौर, नर्मदापुरम में पारा 40.1 डिग्री, 15-17 मार्च के बीच कई जिलों में बारिश के आसार



भोपाल, (निप्र.) । मध्य प्रदेश में मार्च के दूसरे हफ्ते में ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के कई जिलों में तापमान लगातार बढ़ रहा है और लू जैसे हालात बनने लगे हैं। शुक्रवार को नर्मदापुरम में लगातार दूसरे दिन तीव्र लू चली और यहां अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। वहीं 15, 16 और 17 मार्च को प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों ग्वालियर-चंबल, जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। प्रदेश में पिछले दो दिनों से तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंच रहा है। ग्वालियर, चंबल, उज्जैन, इंदौर, भोपाल, नर्मदापुरम और सागर संभाग में गर्मी का असर ज्यादा देखा जा रहा है। नर्मदापुरम प्रदेश का सबसे गर्म शहर बना हुआ है। पचमढ़ी को छोड़कर लगभग सभी शहरों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। पांच बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 37.8 डिग्री, इंदौर में 37.6 डिग्री, जबलपुर में 37.5 डिग्री, उज्जैन में 37.4 डिग्री और ग्वालियर में 36.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। अन्य शहरों में भी गर्मी का असर तेज रहा। नर्मदापुरम में 40.1 डिग्री, रतलाम में 39.2 डिग्री, मंडला में 39 डिग्री, धार और खजुराहो में 38.9 डिग्री, दमोह में 38.5 डिग्री, खरगोन में 38.4 डिग्री तथा सागर, टीकमगढ़ और सिवनी में तापमान करीब 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## तेरा वंश खत्म कर दूंगी' पड़ोसी महिला ने दी थी खौफनाक धमकी, अब बोरे में मिला 2 साल के मासूम का शव

शिवहर (आरएनएस)। जिले के नगर थाना क्षेत्र स्थित ताजपुर गांव से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां पुरानी रंजिश के चलते एक दो साल के मासूम बच्चे की बेरहमी से गला दबाकर हत्या कर दी गई। दरिंदगी का आलम यह था कि हत्या के बाद मासूम के शव को एक बोरे में बंद करके छिपा दिया गया था। मृतक की पहचान ताजपुर निवासी अरुण साह के दो वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। इस खौफनाक घटना के बाद से पूरे इलाके में मातम और हड़कंप का माहौल है।एक महीने पहले दी थी 'वंश खत्म' करने की धमकी जानकारी के अनुसार, इस हत्याकांड की जड़ें एक पुरानी दुश्मनी में छिपी हैं।

## सीएम नीतीश के हेलीकॉप्टर लैंडिंग से ठीक पहले हेलीपैड पर घुसी गाय, जान बचाकर भागे पुलिसकर्मी



बेगूसराय (आरएनएस)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेगूसराय दौरे से ठीक पहले सुरक्षा व्यवस्था में एक बड़ी चूक सामने आई है। प्रशासन की ओर से की गई चाक-चौबंद सुरक्षा के दावों की पोल उस वक्त खुल गई, जब सीएम के हेलीकॉप्टर उतरने से कुछ ही देर पहले एक गाय हेलीपैड के बेहद वीआईपी और प्रतिबंधित क्षेत्र में जा घुसी। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जो न सिर्फ लोगों के लिए मजाक का विषय बन गया है, बल्कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था पर भी कई गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। मुख्यमंत्री के इस अहम कार्यक्रम को लेकर बरौनी स्थित बियाडा (BIADA) कैंपस में एक विशेष हेलीपैड तैयार किया गया था। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों का कड़ा पहरा था और पूरा प्रशासनिक अमला सीएम के हेलीकॉप्टर का बेसब्री से इंतजार कर रहा था। इसी बीच सुरक्षा घेरे और बैरिकेडिंग को चकमा देते हुए अचानक एक गाय सीधे हेलीपैड के बीचों-बीच पहुंच गई।



# वन नेशन, वन हेल्पलाइन' पहल को मध्यप्रदेश में मिली मजबूती

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मजबूत हुआ प्रदेश का महिला-बाल सुरक्षा तंत्र 181 और 1098 से बढ़ी सुरक्षा और भरोसा

भोपाल ( निप्र) मध्यप्रदेश में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में महिला सुरक्षा और बाल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए तकनीक आधारित सहायता तंत्र को मजबूत किया गया है।

### महिलाओं और बेटियों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति तब संभव होती है जब महिलाओं और बेटियों को सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर मिलें। राज्य सरकार महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, उनकी सुरक्षा और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं, नवाचारों और तकनीक आधारित सेवाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है, जिससे उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के बेहतर अवसर मिल सकें। महिला हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर, जागरूकता कार्यक्रम और त्वरित सहायता तंत्र इसी दिशा में किए जा रहे महत्वपूर्ण प्रयास हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके



लिए प्रशासनिक तंत्र को अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और तकनीकी से सशक्त बनाने में कई पहल की गई हैं।भारत सरकार की वन नेशन, वन हेल्पलाइन पहल के अनुरूप महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को आपातकालीन सेवा ERSS-112 (Emergency Response Support System) से एकीकृत करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना 31 अगस्त 2023 को की गई। इस एकीकृत प्रणाली के माध्यम से अब प्रदेश की कोई भी महिला, 18 वर्ष से कम आयु का बच्चा या उनकी ओर से कोई भी व्यक्ति सप्ताह के सातों दिन, 24 घंटे (24म7) 181, 1098 या 112 पर टोल-फ्री कॉल कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकता है। तकनीक आधारित यह व्यवस्था संकट की घड़ी में त्वरित मदद उपलब्ध कराने के साथ महिला और बाल सुरक्षा के प्रति राज्य सरकार की संवेदनशील प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

### महिला हेल्पलाइन 181: संकट में महिलाओं का भरोसेमंद सहारा

हिंसा से प्रभावित महिलाओं को त्वरित सहायता और सहयोग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महिला हेल्पलाइन 181 का संचालन किया जा रहा है। यह सेवा प्रदेश के सभी वन स्टॉप सेंटर से एकीकृत है, जिससे पीड़ित महिलाओं को एक ही मंच से पुलिस, अस्पताल, एम्बुलेंस, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संरक्षण अधिकारी और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुँच उपलब्ध कराई जाती है। इसके साथ ही हेल्पलाइन के माध्यम से महिलाओं को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाती है तथा प्रशिक्षित परामर्शदाताओं द्वारा भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक सहयोग भी प्रदान किया जाता है। इस सेवा की प्रभावशीलता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 29 जनवरी 2026 तक लगभग 1.28 लाख महिलाओं को महिला हेल्पलाइन 181 के माध्यम से सहायता प्रदान की जा चुकी है।



उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बैतूल में विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सुपुत्रि स्व. सुरभि खंडेलवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की।

# शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

भोपाल।(आरएनएस)। राजधानी भोपाल में तलाकशुदा महिला के साथ रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता बैतूल की रहने वाली है। आरोपी से सोशल मीडिया पर संपर्क में आई थी। आरोपी शादी का भरोसा दिलाकर उसे बैतूल से भोपाल ले आया। यहां दस महीने तक दोनों लिवइन में रहे और आरोपी ने कई बार उसके साथ रेप किया। अब आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गया है। हर तरह का संपर्क भी पीड़िता से खत्म कर दिया। तब थाने पहुंची पीड़िता ने एफआईआर दर्ज करा दी।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 33 वर्षीय महिला बैतूल जिले की रहने वाली है। पांच साल पहले उसका अपने पति से तलाक हो गया था। इसके बाद वह प्राइवेट काम करने लगी थी। कुछ समय बाद ही वह सोशल मीडिया के जरिए गोलू यादव नाम के युवक के संपर्क में आ गई। बातचीत के दौरान पता चला कि गोलू उसका दूर का रिश्तेदार भी है। उनके बीच जब नजदीकियां बढ़ीं तो गोलू ने महिला को शादी करने का झांसा दिया।

# घरेलू उपभोक्ता को गैस सिलेंडर की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करें - अपर मुख्य सचिव श्रीमती शमी

### अपर मुख्य सचिव ने की समीक्षा बैठक

भोपाल, (निप्र)। खाद्य नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत के निर्देश पर विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी द्वारा पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम एवं मध्य पूर्व देशों की स्थिति के दृष्टिगत प्रदेश में पड़ने वाले प्रभाव की मंत्रालय मे वरिष्ठ अधिकारियों तथा ऑइल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। अपर मुख्य सचिव श्रीमती शमी ने समीक्षा में घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने, एजेंसियों के माध्यम से वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देश दिए। ऑइल कंपनी के प्रतिनिधियों को प्रदेश के सभी जिलों में एलपीजी गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया।

बैठक में गैस एजेंसियों के संचालन, सिलेंडर वितरण की समयबद्धता और उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इस सम्बन्ध में पूर्व में ही समस्त जिला कलेक्टर्स को निर्देश दिए गए है कि यदि कहीं वितरण व्यवस्था में अनियमितता या विलंब की शिकायत मिलती है तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए।साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा गैस कंपनियों के साथ समन्वय बनाकर आपूर्ति श्रृंखला को और मजबूत किया जाए, जिससे प्रदेश में एलपीजी गैस की निर्बाध उपलब्धता बनी रहे। एलपीजी की कालाबाजारी तथा जमाखोरी के विरूद्ध भी लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 मार्च को प्रदेश में 11 स्थानों पर कार्यवाही कर 228 सिलेंडर जब्त किये गए तथा 03 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए7पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी तथा घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता के सम्बन्ध में ऑयल कंपनियों से समन्वय के लिए राज्य स्तर पर 6 सदस्यीय समिति भी गठित की गयी जो प्रदेश में वाणिज्यिक ओर घरेलू गैस सिलेंडर की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी करेगी।

# भोपाल में गैंगवार, हिस्ट्रीशीटर लल्लू रईस के घर फायरिंग, बेटे को लगी गोली, हमीदिया अस्पताल में भी चली गोलियां



भोपाल, (निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में शनिवार तड़के गैंगवार का सनसनीखेज मामला सामने आया। अशोका गार्डन के शंकर गार्डन इलाके में कुख्यात हिस्ट्रीशीटर लल्लू रईस के घर पर करीब 8 से 10 बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस हमले में लल्लू रईस के बेटे इमरान के पैर में गोली लग गई। घायल इमरान को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बदमाश वहां भी पहुंच गए और इमरजेंसी गेट के पास फायरिंग कर दी। जानकारी के अनुसार घटना शनिवार सुबह करीब 5:45 बजे की बताई जा रही है। हमलावर शादाब गेट गिरोह से जुड़े बताए जा रहे हैं, जो इमरान का पीछा करते हुए उसके घर तक पहुंच गए थे। घर के बाहर पहुंचते ही बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दीं। जान बचाने के लिए इमरान तुरंत घर के अंदर घुस गया और गेट बंद कर लिया, लेकिन इसी दौरान चली एक गोली उसके पैर में लग गई।इमरान को परिजन तुरंत हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां भी बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इस दौरान चली गोलियां अस्पताल की खिड़कियों और दीवारों पर जा लगीं, जिससे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद मौके से कारतूस के खाली खोखे भी मिले हैं। हालांकि इस फायरिंग में किसी अन्य व्यक्ति के घायल होने की खबर नहीं है।

### दो साल पुरानी रंजिश को लेकर हमला

लल्लू रईस के मुताबिक यह हमला पुरानी रंजिश के चलते किया गया है। करीब दो साल पहले इमरान ने शादाब गेट के भाई पर हमला किया था, जिसमें उसकी उंगलियां कट गई थीं। उसी घटना का बदला लेने के लिए यह हमला किया गया।


### अवैध जुआ-सट्टे को लेकर भी विवाद

लल्लू रईस का दावा है कि शहर के कुछ बदमाश अलग-अलग इलाकों में अवैध जुआ और सट्टे का कारोबार चलाते हैं। वह इन गतिविधियों के वीडियो बनाकर पुलिस को देते हैं, जिसके कारण कई बार कार्रवाई हुई और उनका कारोबार बंद हुआ। इसी वजह से आरोपी गिरोह उनसे रंजिश रखता है और उन्हें जान से मारने की कोशिश कर रहा है।घटना अशोका गार्डन और कोहेफिजा थाना क्षेत्र से जुड़ी बताई जा रही है। सूचना मिलते ही दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र में नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। एसीपी अनिल बाजपेयी ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। हमीदिया अस्पताल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# बीटेक फर्स्ट ईयर के छात्र ने फांसी लगाकर किया सुसाइड, गर्लफ्रेंड को सुसाइड का वीडियो कॉल पर लाइव दिखाया

### - मोबाइल दीवार पर चिपका मिला

भोपाल (ए.) । राजधानी के अशोका गार्डन क्षेत्र में रहने वाले बीटेक फर्स्ट ईयर के छात्र ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। इससे पहले उसने अपनी गर्लफ्रेंड को कॉल किया और उसे लाइव सुसाइड दिखाया। शनिवार तड़के पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखवा दिया है।



परिजनों के बिहार से आने के बाद उनकी मौजूदगी में पीएम कराया जाएगा। अशोका गार्डन पुलिस के मुताबिक, 21 वर्षीय मोहम्मद इफतिखार मूल रूप से बिहार का रहने वाला था। वह भोपाल के अशोका गार्डन स्थित बैंक कॉलोनी में किराए से रहता था तथा भोपाल में एक प्राइवेट कॉलेज से बी.टेक फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रहा था। मृतक का मोबाइल फोन दीवार पर चिपका हुआ मिला है। साथियों ने पूछताछ में बताया है कि वीडियो कॉल कर उसने अपनी गर्लफ्रेंड को सुसाइड करते हुए लाइव वीडियो दिखाया था।

पुलिस का कहना है कि परिजनों और साथियों के बयानों के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। मृतक के मोबाइल फोन को जब्त कर लिया है। मोबाइल फोन लॉक होने के कारण उसका परीक्षण नहीं हो सका है।

# बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय BU में 16 मार्च से भरे जाएंगे वार्षिक परीक्षा के फार्म




भोपाल(ए.) । बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय(बीयू)ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सत्र 2025-26 की द्वितीय और तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाओं के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया घोषित कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार स्नातक पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा फार्म 16 मार्च से भरे जाएंगे। इसके अनुसार बीए, बीकाम, बीएससी, होम साइंस, बीबीए, बीसीए, बीए मैनेजमेंट और बीपीईएस पाठ्यक्रमों के नियमित और स्वाध्यायी विद्यार्थी एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। विद्यार्थी सात अप्रैल तक सामान्य शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन जमा कर सकेंगे। इन पाठ्यक्रमों के करीब 60 हजार विद्यार्थी द्वितीय और तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा में शामिल होंगे विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा फार्म भरने से पहले कालेजों को विद्यार्थियों के विषयों को आनलाइन अपडेट करना होगा। मेजर और माइनर विषयों के अलावा विद्यार्थियों द्वारा चुने गए अन्य विषयों की जानकारी भी पोर्टल पर दर्ज की जाएगी।

# मुरैना के डायल 112 हीरोजः संवेदनशीलता का उदाहरण, घायल राष्ट्रीय पक्षी मोर को समय पर मिला उपचार

भोपाल(ए.) । डायल-112 सेवा केवल आपराधिक या आपात पुलिस सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आमजन के साथ-साथ वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुरैना जिले में डायल-112 जवानों की संवेदनशील कार्यवाही से घायल राष्ट्रीय पक्षी मोर को समय पर उपचार मिल सका।13 मार्च को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में सूचना प्राप्त हुई कि मुरैना जिले के थाना नूराबाद क्षेत्र के सीहोरा गाँव में एक मोर अज्ञात कारणों से घायल हो गया है। सूचना मिलते ही नूराबाद थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुँचकर आरक्षक रवि कुमार एवं पायलट अंशुल शर्मा ने देखा कि वन क्षेत्र से भटककर आया एक मोर अज्ञात कारणों से घायल हो गया था। स्थिति को देखते हुए डायल-112 जवानों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घायल मोर को सावधानी पूर्वक सुरक्षित किया और एफआरव्ही वाहन की सहायता से उपचार एवं संरक्षण के लिए वन केंद्र




मुरैना पहुँचाकर वन विभाग के अधिकारियों के सुपुर्द किया। वन विभाग द्वारा घायल मोर का उपचार किया जा रहा है। डायल-112 टीम की संवेदनशील और जिम्मेदार कार्रवाई से राष्ट्रीय पक्षी को समय पर उपचार उपलब्ध हो सका।

डायल 112 हीरोज श्रृंखला की यह घटना दर्शाती है कि मध्यप्रदेश पुलिस की डायल-112 सेवा आपात स्थितियों में केवल नागरिकों ही नहीं, बल्कि पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण के प्रति भी समान रूप से सजग और प्रतिबद्ध है।

### *आधुनिक तकनीक से कृषि प्रबंधन हुआ अधिक सटीक और पारदर्शी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव*

*भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक से जोड़कर फसल प्रबंधन को अधिक सटीक, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा रहा है। राज्य सरकार की 'सारा' और 'उन्नति' एग्री-जीआईएस प्रणाली से उपग्रह चित्रों, ड्रोन सर्वेक्षण और खेतों की वास्तविक तस्वीरों का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) से विश्लेषण किया जा रहा है। इससे फसल निगरानी और उत्पादन आंकलन को वैज्ञानिक आधार मिला है और किसानों को योजनाओं का लाभ अधिक पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से मिल रहा है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'उन्नति' प्लेटफॉर्म और 'सारा' एप्लिकेशन से क्रॉप मैपिंग और फसल गिरदावरी की प्रक्रिया को आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया है। डीप लर्निंग तकनीक से 'सारा' ऐप द्वारा प्राप्त लाखों तस्वीरों का विश्लेषण कर खेत स्तर पर बोई गई फसलों के प्रकार का सत्यापन किया जाता है, जिससे फसलों की वास्तविक स्थिति का सटीक आंकलन संभव हो रहा है।*

# मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण - श्रवण बाधित पेशेवरों एवं सांकेतिक भाषा इंटरप्रेटर्स के लिये भारत का प्रथम भौतिक मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ



भोपाल (ए.)। न्याय तक समावेशी पहुँच को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रवण बाधित पेशेवरों तथा सांकेतिक भाषा इंटरप्रेटर्स के लिए भारत का प्रथम भौतिक 40-घंटे का मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। पाँच दिवसीय यह गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम इंदौर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इंदौर के सहयोग से तथा उच्चतम न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति (MCPC), नई दिल्ली के तत्वावधान में किया जा रहा है।यह पहल न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा, मुख्य न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दूरदर्शी नेतृत्व में तथा न्यायमूर्ति श्री विवेक रूसिया, प्रशासनिक न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायमूर्ति श्री विजय कुमार शुक्ला, न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, इंदौर द्वारा किया गया। न्यायमूर्ति श्री शुक्ला ने कहा कि मध्यस्थता न्याय की सबसे मानवीय और सहभागी विधाओं में से एक है, जहाँ टकराव के स्थान पर संवाद और आपसी समझ के माध्यम से स्थायी समाधान प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि न्याय वितरण प्रणाली को निरंतर विकसित होना चाहिए जिससे विवाद निवारण की व्यवस्थाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँच सके। श्रवण बाधित पेशेवरों और सांकेतिक भाषा इंटरप्रेटर्स को मध्यस्थता का प्रशिक्षण प्रदान करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्र अधिक समावेशी और सुलभ बन सके। सुश्री सुमन श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि मध्यस्थता का मूल आधार समझ, सहानुभूति और संवाद है।

# भोपाल रेल रूट होगा और सुरक्षित, ट्रेनों की लेटलतीफी रोकने के लिए 4.24 करोड़ का टेंडर जारी




भोपाल(ए.) । नई रेलवे लाइन परियोजना के तहत पश्चिम मध्य रेलवे ने एक अहम कदम उठाते हुए करीब 4 करोड़ 24 लाख रुपये का टेंडर जारी किया है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद भोपाल से गुजरने वाली ट्रेनों का संचालन और अधिक सुरक्षित, तेज और सुचारु हो सकेगा। आधुनिक तकनीक वाले उपकरण लगने से बिजली आपूर्ति से जुड़ी खराबियों का तुरंत पता लगाया जा सकेगा, जिससे ट्रेनों की देरी कम होगी और यात्रियों को अधिक भरोसेमंद रेल सेवा मिल सकेगी। पश्चिम मध्य रेलवे के निर्माण विभाग के अनुसार यह निविदा आरआरएम-बीपीएल नई ब्रॉडगेज लाइन परियोजना के तहत जारी की गई है। इसके अंतर्गत भोपाल और कोटा मंडल के आरआरएम-बीपीएल सेक्शन में रेलवे के 2.25 केवी एसी ट्रैक्शन सिस्टम से जुड़े उपकरण लगाए जाएंगे।

परियोजना के तहत एसपी, एसएसपी और टीएसएस स्टेशनों पर आटोमेटिक फाल्ट लोकेटर की आपूर्ति, इंस्टालेशन, टेस्टिंग और उसे चालू करने का कार्य किया जाएगा। यह सिस्टम विद्युत आपूर्ति में आने वाली खराबी का तुरंत पता लगाने में मदद करेगा।

### 12 महीने में पूरा होगा काम, यात्रियों को मिलेगा लाभ

इस काम की अनुमानित लागत करीब 4.24 करोड़ रुपये रखी गई है और इसे 12 महीनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। परियोजना पूरी होने के बाद रेलवे की विद्युत व्यवस्था अधिक मजबूत होगी और ट्रेनों के संचालन में तकनीकी बाधाएं कम होंगी।

इससे भोपाल सहित इस रूट से यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को सुरक्षित, समयबद्ध और बेहतर रेल सेवा का लाभ मिलेगा।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कटनी के बरही में विजयनाथ धाम मंदिर में अभिषेक कर पूजा अर्चना की।

## रसोई गैस की कमी को लेकर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, कंधे पर खाली सिलेंडर रखकर किया विरोध

अनूपपुर,(ए.)। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में रसोई गैस की कथित कमी को लेकर शनिवार को युवा कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कंधे पर खाली सिलेंडर रखकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानवेंद्र मिश्रा ने बताया कि पूरे देश में रसोई गैस सिलेंडर की कमी की खबरें सामने आ रही हैं। कई स्थानों पर लोग घंटों लाइन में खड़े दिखाई दे रहे हैं और अपना काम-धंधा छोड़कर गैस सिलेंडर के लिए परेशान हो रहे हैं। इसके बावजूद आम लोगों को समय पर रसोई गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि कभी बुकिंग करने पर डीएसी नंबर नहीं मिल पाता, तो कभी गैस गोदामों में सिलेंडर खत्म होने के कारण लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ता है।उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा यह कहा जा रहा है कि गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां कर रही है। इस मुद्दे को लेकर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु और प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया के निर्देश पर अनूपपुर में प्रदर्शन किया गया।

# अडाणी पावर प्लांट में मजदूर की मौत पर हंगामा, आगजनी और तोड़फोड़

सिंगरौली,(ए.)। मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले में स्थित अडाणी पावर के बधौरा पावर प्लांट में शनिवार सुबह एक मजदूर की मौत के बाद भारी हंगामा हो गया। आक्रोशित मजदूरों ने प्लांट परिसर में तोड़फोड़ करते हुए आगजनी कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जिसे नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर तैनात किया गया।जानकारी के अनुसार, सिंगरौली जिले के माडा थाना क्षेत्र के बधौरा स्थित पावर प्लांट में कार्यरत मजदूर लल्लन सिंह की शुक्रवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक झारखंड के गढ़वा जिले का रहने वाला बताया जा रहा है और लंबे समय से प्लांट में कार्यरत था। मजदूर की मौत की खबर फैलते ही साथी श्रमिकों में आक्रोश फैल गया। मजदूरों ने आरोप लगाया कि प्रबंधन द्वारा घटना की जानकारी छिपाने की कोशिश की गई। इसी दौरान यह अफवाह भी फैल गई कि लल्लन सिंह की मौत ऊंचाई से गिरने के कारण हुई है। इसके बाद गुस्साए मजदूरों ने प्लांट परिसर में जमकर हंगामा किया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मजदूरों ने प्लांट के अंदर खड़ी कई गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी और कुछ वाहनों को पलट दिया। घटना के दौरान एक दर्जन से अधिक वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस चौकी प्रभारी की गाड़ी में भी तोड़फोड़ कर उसे पलट दिया गया। कुछ स्थानों पर आगजनी की घटनाएं भी सामने आईं, जिससे परिसर में काले धुएं का गुबार उठता देखा गया।



# हॉकर ने अपने घर में रखे थे 10 सिलेंडर

## - दबिश : 47 उपभोक्ताओं की गैस डायरी भी जब्त

जबलपुर, (ए.)। भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के ग्राम झिन्ना में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण का खुलासा किया है। यहां से पुलिस ने 6 घरेलू और 4 व्यवसायिक गैस सिलेंडर सहित 47 गैस डायरी जब्त किए। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि आरोपी सुनील पटेल गैस एंजेसी संजीवनीनगर गुलौआ चौक में हॉकर का काम करता है और उसने ग्राम झिन्ना, मीरगंज, आमाहिनौता, कूडन, शिल्पीनगर, भेड़ाघाट उपभोक्ताओं के नाम पर 47 गैस डायरी अपने घर रखी थी और सिलेंडरों को असुरक्षित तरीके से अपने घर में रखा था। कुल 10 गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

घटना के संबंध में भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात मुखबिर की सूचना पर भेड़ाघाट पुलिस और क्राइम ब्रांच टीम ने ग्राम झिन्ना मोहल्ला मीरगंज निवासी हॉकर 41 वर्षीय सुनील पटेल के घर पर दबिश दी, जहां 6 घरेलू और 4 व्यवसायिक गैस सिलेंडर असुरक्षित तरीके से रखे पाए गए। इसके अलावा विभिन्न उपभोक्ताओं के नाम से जारी 47 गैस बुक भी बरामद की गईं। आरोपी सिलेंडरों और गैस बुक के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

पूछताछ में सामने आया कि सुनील पटेल संजीवनी नगर गुलौआ चौक



स्थित एक दीप गैस एजेंसी में हॉकर का काम करता है। उसने झिन्ना मीरगंज, आमा हिनौता, कूडन, शिल्पी नगर और भेड़ाघाट क्षेत्र के उपभोक्ताओं की गैस बुक अपने घर में नियम विरुद्ध तरीके से रखी थीं।

रिहायशी इलाके में बिना सुरक्षा मानकों के ज्वलनशील गैस सिलेंडरों का भंडारण जन सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। कलेक्ट्रेट की खाद्य शाखा के अधिकारी कुंजन सिंह राजपूत ने निरीक्षण के बाद आरोपी के खिलाफ लिखित प्रतिवेदन पुलिस को सौंपा।

भेड़ाघाट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3 और 7(3) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चंदेरी में 15 से 17 मार्च तक बैजू बावरा संगीत समारोह का आयोजन

अशोकनगर(ए.)। मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले के चंदेरी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महान संगीतज्ञ बैजू बावरा की स्मृति में बैजू बावरा समारोह का आयोजन 15 से 17 मार्च तक किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इस आयोजन को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर ने शनिवार को बताया कि महान संगीतज्ञ बैजू बावरा को आदरांजलि स्वरूप यह प्रतिष्ठापूर्ण समारोह आयोजित किया जा रहा है।

इस तीन दिवसीय समारोह के प्रथम दिवस 15 मार्च 2026 को सायं 7 बजे से सर्वप्रथम अकादमी के प्रतिष्ठित मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार का अलंकरण समारोह आयोजित होगा। इसमें दो पुरस्कार मूर्तिकला एवं आठ पुरस्कार चित्रकला विधा के लिए प्रदान किये जाएंगे, जिसमें दत्तात्रय दामोदर देवलालीकर पुरस्कार, रघुनाथ कृष्णराव फड़के पुरस्कार, नारायण श्रीधर बेन्द्रे पुरस्कार, मुकुन्द सखाराम भाण्ड पुरस्कार, देवकृष्ण जटाशंकर जोशी पुरस्कार, जगदीश स्वामीनाथन पुरस्कार, सैय्यद हैदर रजा पुरस्कार, लक्ष्मीसिंह राजपूत पुरस्कार, राममनोहर सिन्हा पुरस्कार एवं विष्णु चिंचालकर पुरस्कार सम्मिलित हैं।

## केरल में हत्या और लूट करके भागी आरोपी महिलाएं उज्जैन में गिरफ्तार, 13 साल से थीं फरार



उज्जैन (ए.)। धार्मिक नगरी उज्जैन में पुलिस ने एक ऐसी कार्रवाई को अंजाम दिया, जिसकी कड़ी सीधे करीब 2 हजार किलोमीटर दूर केरल से जुड़ती है। यहां उज्जैन क्राइम ब्रांच ने 13 साल पुराने हत्या और लूट के मामले में फरार चल रही दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों महिलाएं लंबे समय से पुलिस से बचती फिर रही थीं और आखिरकार उज्जैन में आकर छिप गई थीं। सूचना मिलते ही उज्जैन पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया और बाद में केरल पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार यह मामला साल 2013 में केरल के कन्नूर जिले के एरुकुर थाना क्षेत्र का है, जहां एक बुजुर्ग की हत्या कर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस सनसनीखेज मामले में सकीना फातिमा (33 वर्ष) और परवीन बानो (48 वर्ष), जो दक्षिण-पश्चिम दिल्ली की निवासी हैं, अपने एक अन्य साथी के साथ शामिल थीं। वारदात के बाद तीनों आरोपी फरार हो गए थे और तब से केरल पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रही थी। जांच में यह भी सामने आया कि साल 2016 में आंध्रप्रदेश में हुई एक अन्य लूट की घटना में भी इन महिलाओं की भूमिका पाई गई थी। इसके बाद से दोनों आरोपी लगातार ठिकाने बदलती रहीं और पुलिस की नजरों से बचती रहीं।

## व्यापार समाचार

# 29 राज्यों में फिर शुरू हुई कॉमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई, सरकार ने दी बड़ी राहत



नई दिल्ली (ए.)। पश्चिम एशिया में चल रहे भारी तनाव के बीच भारत में गैस की किल्लत को लेकर मचा हाहाकार अब थमने लगा है। बीते दिनों जंग के हालातों के बीच कॉमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति रोके जाने से देश भर में भारी अफरातफरी मच गई थी। लेकिन अब सरकार ने इस संकट से निपटने के लिए बड़ा कदम उठाया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर देशवासियों को एक बड़ी राहत दी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकारों से विस्तृत बातचीत के बाद अब देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई फिर से शुरू कर दी गई है। इन राज्यों में उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से सिलेंडर मिलने भी शुरू हो गए हैं। गैस की कमी की अफवाहों को सिरे से खारिज करते हुए संयुक्त सचिव ने स्पष्ट किया कि देश में गैस, क्रूड ऑयल और रिफाइनरी की कोई किल्लत नहीं है। भारत के पास अपनी जरूरत के हिसाब से पेट्रोल-डीजल और गैस का पर्याप्त भंडार मौजूद है। उन्होंने बताया कि स्थिति भले ही गंभीर बनी हुई है, लेकिन सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। सबसे बड़ी समस्या लोगों द्वारा की जा रही पैनिक बुकिंग है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे पैनिक बुकिंग से बचें और अनावश्यक रूप से डीलरों के पास जाकर भीड़ का हिस्सा न बनें। गैस कंपनियां पहले की तरह ही घरों तक सुचारू रूप से सिलेंडरों की सप्लाई करती रहेंगी।

### कॉमर्शियल उपभोक्ताओं को पीएनजी (PNG) की तरफ शिफ्ट करने पर जोर

सरकार अब कॉमर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं को पीएनजी (क्ष्ह्त) की ओर मोड़ने पर भी तेजी से काम कर रही है। सुजाता शर्मा ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं को तुरंत पीएनजी कनेक्शन दिया जा सकता है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर यह सुविधा दी जाएगी। एलपीजी की अनावश्यक पैनिक बुकिंग से पूरी सप्लाई चेन पर दबाव पड़ रहा है, इसलिए लोगों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे तभी गैस बुक करें जब उन्हें वास्तव में इसकी जरूरत हो।

### कालाबाजारी पर ताबड़तोड़ रेड, यूपी में 19 के खिलाफ एफआईआर

मौजूदा स्थिति का फायदा उठाकर गैस की कालाबाजारी करने वालों पर भी सरकार ने चाबुक चलाना शुरू कर दिया है। तेल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा 13 मार्च को देशभर में 1300 से ज्यादा ठिकानों पर औचक निरीक्षण किया गया। कालाबाजारी पर नकेल कसने के लिए कई राज्यों में तेल कंपनियों के अधिकारियों की संयुक्त टीमें बनाई गई हैं, जिसमें राज्य सरकार की भूमिका भी बेहद अहम है। सख्त एक्शन लेते हुए अकेले उत्तर प्रदेश में 1400 जगहों पर अचानक चेकिंग की गई और 19 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसके अलावा, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) ने भी नई गाइडलाइन जारी करते हुए दिल्ली-एनसीआर में गैस की वैकल्पिक व्यवस्था को भी अनुमति दे दी है।

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 1470, निफ्टी 488 अंक गिरा

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट एशियाई बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बीच ही बिकवाली हावी होने से आयी है। अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष बढने से भी निवेशकों ने बाजार से दूरी बनायी है जिससे भी घरेलू बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1470.50 अंक की गिरावट के साथ ही 74,563.92 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 488.05 अंक फिसलकर यह 23,151.10 के स्तर पर बंद हुआ। आज बाजार में आई गिरावट से निवेशकों के लाखों करोड़ रुपए डूबे। शेयर मार्केट में गिरावट के कारण निवेशकों को बड़ा नुकसान हुआ है। बीएसई सेंसेक्स पर लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सुबह-सुबह करीब 6.55 लाख करोड़ रुपए गिर कर करीब 433 लाख करोड़ रुपए रह गया है।

## इंडिगो यात्रियों को झटका, आज से हवाई सफर हुआ महंगा; टिकट बुक करने से पहले जान लें कितने बढ़ गए दाम

नई दिल्ली (ए.)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने हवाई सफर करने वालों को बड़ा झटका दिया है। कंपनी ने अपनी सभी डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स की टिकट कीमतों में भारी बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। विमान ईंधन (ATF) की कीमतों में आए तेज उछाल के कारण एयरलाइन ने किराये में यह बड़ा इजाफा किया है। इंडिगो ने अब यात्रियों पर 'फ्यूल चार्ज' के रूप में 425 रुपये से लेकर 2300 रुपये तक का अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। टिकट की ये नई और बढ़ी हुई कीमतें आज यानी 14 मार्च 2026 से ही लागू हो गई हैं।




### नई बुकिंग पर आज से ही देना होगा 'फ्यूल चार्ज'

एयरलाइन द्वारा जारी की गई जानकारी के अनुसार, मध्य-पूर्व में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के चलते ईंधन की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आईएटीए (IATA) के 'जेट फ्यूल मॉनिटर' की रिपोर्ट बताती है कि इस क्षेत्र में ईंधन की कीमतों में 85 प्रतिशत से ज्यादा का भयंकर उछाल आया है। एविएशन टर्बाइन फ्यूल किसी भी एयरलाइन के ऑपरेटिंग खर्च का सबसे बड़ा हिस्सा होता है। इंडिगो का कहना है कि खर्चों के इस भारी दबाव को कम करने के लिए किराये में बदलाव करना बेहद जरूरी हो गया था। हालांकि, ग्राहकों की जेब का ध्यान रखते हुए इसे 'फ्यूल चार्ज' के नाम पर अपेक्षाकृत कम ही रखा गया है। यह नया नियम 14 मार्च 2026 की रात 12:01 बजे से होने वाली सभी नई टिकट बुकिंग पर लागू कर दिया गया है।इस बढ़ोतरी के बाद अब यात्रियों को अपनी मंजिल के हिसाब से अलग-अलग चार्ज देना होगा। इंडिगो ने भारत के भीतर सफर करने वाली सभी डोमेस्टिक फ्लाइट्स के लिए 425 रुपये का फ्यूल चार्ज तय किया है। इसके अलावा भारतीय उपमहाद्वीप के देशों जैसे बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका और मालदीव जाने वाले यात्रियों से भी 425 रुपये ही वसूले जाएंगे।

## यूपी और उत्तराखंड में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में गिरावट

### देश के कई शहरों में पेट्रोल और डीजल के भाव में बदलाव हुआ

नई दिल्ली (ए.)। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के चलते देश के कई शहरों में पेट्रोल और डीजल के रेट में बदलाव देखने को मिला। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 26 पैसे सस्ता होकर 94.90 रुपए प्रति लीटर और डीजल 30 पैसे घटकर 88.01 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। वहीं उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में पेट्रोल 26 पैसे गिरकर 93.43 रुपए और डीजल 31 पैसे घटकर 88.33 रुपए प्रति लीटर पर आया। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई। पेट्रोल 35 पैसे बढ़कर 105.58 रुपए प्रति लीटर और डीजल 33 पैसे चढ़कर 91.82 रुपए प्रति लीटर हो गया।




# 1 अप्रैल से बदल जाएंगे इनकम टैक्स के ये 6 बड़े नियम, आपकी जेब और ITR पर पड़ेगा सीधा असर

नई दिल्ली (ए)। केंद्रीय बजट 2026 में टैक्सपेयर्स को राहत देने और नियमों को आसान बनाने के लिए इनकम टैक्स एक्ट में कई अहम संशोधन किए गए हैं। ये सभी नए नियम और बदलाव 1 अप्रैल 2026 से पूरे देश में लागू होने जा रहे हैं। सरकार ने जहां एक तरफ ITR फाइल करने की डेडलाइन में ढील दी है, वहीं दूसरी तरफ शेयर बाजार और टीसीएस (TCS) से जुड़े नियमों में बड़े फेरबदल किए हैं। टैक्सपेयर्स के लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि नए वित्त वर्ष में उनकी जेब और टैक्स प्लानिंग पर इसका क्या सीधा असर पड़ने वाला है।

**पुराने कानून की छुट्टी, लागू होगा नया इनकम टैक्स एक्ट 2025**

देश में दशकों से चले आ रहे इनकम टैक्स एक्ट 1961 की अब आधिकारिक तौर पर छुट्टी होने जा रही है। इसकी जगह 1 अप्रैल 2026 (वित्त वर्ष 2026-27) से 'नया इनकम टैक्स एक्ट 2025' सभी टैक्सपेयर्स पर लागू हो जाएगा। अर्थव्यवस्था और तकनीक में हुए बड़े बदलावों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। हालांकि, आम आदमी के लिए सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है और पुरानी दरें ही पहले की तरह लागू रहेंगी। साथ ही सरकार ने विदेशी संपत्ति का खुलासा




करने का एक बार का मौका भी दिया है।

### आईटीआर (ITR) फाइल करने की आखिरी तारीख में मिली बड़ी ढील

कारोबारियों और प्रोफेशनल्स को सरकार ने बड़ी राहत दी है। जिन टैक्सपेयर्स का ऑडिट नहीं होता है, उनके लिए ITR-x और ITR-4 फाइल करने की आखिरी तारीख अब बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी गई है। यह नया नियम सीधे तौर पर वित्त वर्ष 2025-26 पर लागू हो जाएगा। वहीं, नौकरीपेशा और आम करदाताओं के लिए ITR-1 और ITR-2 फाइल करने की अंतिम तिथि में कोई बदलाव नहीं हुआ है, यह पहले की तरह ही 31 जुलाई निर्धारित रहेगी। इसके अलावा टैक्स ऑडिट की आखिरी तारीख भी 31 अक्टूबर ही बनी रहेगी।अगर आपसे ITR भरते समय कोई गलती हो जाती है, तो उसे सुधारने के लिए भी सरकार ने अतिरिक्त समय मुहैय्या करवाया है। अब रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर से बढ़ाकर संबंधित वित्त वर्ष की 31 मार्च कर दी गई है। हालांकि, इसमें एक बड़ी शर्त यह जोड़ी गई है कि 31 दिसंबर के बाद अगर कोई टैक्सपेयर अपना रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करता है, तो उसे इसके लिए अतिरिक्त शुल्क या पेनल्टी चुकानी होगी। देर से रिटर्न (Belated Returns) भरने की समय सीमा में कोई फेरबदल नहीं किया गया है। बजट 2026 में रिफंड की देरी और नियमों की उलझन को खत्म करने के लिए टीसीएस की दरों को काफी हद तक तर्कसंगत बनाया गया है। नए नियमों के मुताबिक 1 अप्रैल से शराब, कबाड़ (Sक्रैप) और मिनिरल्स (कोयला, लौह अयस्क आदि) की बिक्री पर टीसीएस की दर 1 फीसदी से बढ़ाकर 2 फीसदी कर दी गई है। इसके उलट, तेंदू पत्ते की बिक्री पर इसे 5 फीसदी से घटाकर 2 फीसदी किया गया है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## भारतीय अर्थ जगत में चिंता

आरंभ में यही आस जोड़ी गई थी कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल की जंग छोटी अवधि वाली होगी। मगर अब इसके लंबा खिंचने की स्थिति बन गई हैं। उससे भारतीय अर्थ जगत में चिंता की लकीरें गहरा गई हैं।

अनेक मुश्किलों का पहले से सामना कर रही भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने पश्चिम एशिया में छिड़े ताजा युद्ध से नई गंभीर चुनौतियां आ खड़ी हुई हैं। ईरान के होरमुज जलडमरूमध्य बंद कर देने से युद्ध के पहले दो दिन में ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 10-12 फीसदी तक बढ़ चुकी है। नतीजतन, हर बैरल तेल की खरीद पर भारत को अधिक डॉलर खर्च करने होंगे। यह अच्छी बात है कि भारत के पास फिलहाल लगभग सवा सात सौ बिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है, जिससे वह महंगे आयात को जारी रखने की स्थिति में है।

मगर आयात पर अधिक डॉलर खर्च होने का असर रुपये की कीमत पर पड़ेगा, जो पहले ही प्रति डॉलर 90 रुपये के भाव से ऊपर बना हुआ है। रुपये की कीमत गिरने के साथ आयात और महंगा होता जाएगा। इस बीच रूस से किफायती तेल खरीदना एक विकल्प है, लेकिन उससे डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन के नाराज होने और अमेरिका से चल रही व्यापार वार्ता में पेचीगियां खड़ी होने की आशंका पैदा होगी। उधर प्राकृतिक गैस की सप्लाई भी इस युद्ध के कारण प्रभावित हो सकती है। एलएनजी की दुनिया में होने वाली लगभग 20 फीसदी सप्लाई का परिवहन मार्ग होरमुज से होकर गुजरता है। एलपीजी की सप्लाई भी मुख्य रूप से खाड़ी देशों से होती है, जो इस समय ईरान के निशाने पर हैं।

इसलिए उनकी आपूर्ति बाधित होने की आशंकाएं वास्तविक हैं। ऐसा हुआ तो उर्वरक उत्पादन भी बुरी तरह प्रभावित होगा, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों का भाव चढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। इस बीच पश्चिम एशिया के समुद्री मार्ग पर आशंकाओं के बादल गहरा गए हैं, जहां से अमेरिका और यूरोप को होने वाले भारतीय निर्यात का बहुत बड़ा हिस्सा गुजरता है। कुछ खबरों के मुताबिक पहले दो दिन में ही निर्यात के कई ऑर्डर स्थगित कर दिए गए हैं। आरंभ में यही आस जोड़ी गई थी कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल की जंग छोटी अवधि वाली होगी। मगर अब इसके लंबा खिंचने की स्थिति बन गई हैं।

# तेल-गैस संकट के बीच सेंसेक्स का गिरना: क्या अर्थतंत्र में महासंकट के संकेत?

सौरभ वार्ष्णेय

वैश्विक अर्थव्यवस्था में जब भी ऊर्जा संकट गहराता है, उसका सीधा असर वित्तीय बाजारों और आम लोगों की जेब पर दिखाई देता है। हाल के दिनों में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी तथा आपूर्ति को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक गिरावट की ओर गया है। यह गिरावट केवल बाजार की सामान्य हलचल नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था के सामने खड़े संभावित बड़े संकट का संकेत भी हो सकती है। वहीं जब मैं इस लेख को लिख रहा हूं तो सेंसेक्स और निफ्टी काफी हद तक गिर चुका है। ऐसे में सरकार के कहने के बावजूद जनमानस इस युद्ध के बीच ऊर्जा का भंडार भरकर रखना चाहता है, यह युद्ध क्या पटकथा लिखेगा कोई नहीं जानता क्योंकि रुस-युक्रेन युद्व भी अभी तक समाप्त नहीं हुआ।

भारत जैसे देश की ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयातित तेल और गैस पर निर्भर है। जब वैश्विक स्तर पर तेल-गैस की कीमतें बढ़ती हैं या आपूर्ति बाधित होती है, तो उसका असर सीधे महंगाई, उत्पादन लागत और व्यापार संतुलन पर पड़ता है। उद्योगों की लागत बढ़ती है, परिवहन महंगा होता है और अंततः इसका बोझ आम उपभोक्ता तक पहुंचता है। निवेशकों को भी यह संकेत मिलता है कि आने वाले समय में कंपनियों के मुनाफे पर दबाव बढ़ सकता है।

शेयर बाजार का गिरना इसी चिंता का प्रतिबिंब है। निवेशक भविष्य की आशंकाओं को देखते हुए बाजार से पैसा निकालने लगते हैं। विदेशी निवेशक भी जोखिम से बचने के लिए उभरते बाजारों से पूंजी निकालते हैं, जिससे बाजार में गिरावट और तेज हो जाती है। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो इसका असर निवेश, रोजगार और आर्थिक विकास की गति पर पड़ सकता है।

ऊर्जा संकट का दूसरा पहलू राजकोषीय दबाव भी है। सरकार को महंगाई नियंत्रित करने के लिए करों में कटौती, सब्सिडी या अन्य राहत उपाय देने पड़ सकते हैं। इससे सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ बढ़ता है। साथ ही यदि आयात बिल बढ़ता है तो चालू खाते का घाटा भी बढ़ सकता है, जो आर्थिक स्थिरता के लिए चुनौती बन जाता है।

हालांकि यह भी सच है कि शेयर बाजार हमेशा दीर्घकालिक आर्थिक स्थिति का सटीक दर्पण नहीं होता। कई बार वैश्विक परिस्थितियों, भू-राजनीतिक तनाव या निवेशकों की मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया से भी बाजार अचानक गिर सकता है। इसलिए सेंसेक्स की गिरावट को तुरंत महा संकट मान लेना भी उचित नहीं होगा। लेकिन इसे एक चेतावनी संकेत जरूर माना जाना चाहिए।

ऐसे समय में सरकार और नीति-निर्माताओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने की है। देश को तेल-गैस के आयात



पर निर्भरता कम करने, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और रणनीतिक भंडार बढ़ाने जैसी नीतियों पर तेजी से काम करना होगा। साथ ही आर्थिक सुधारों और निवेश को बढ़ावा देकर बाजार का भरोसा बनाए रखना भी जरूरी है।

अंततः कहा जा सकता है कि तेल-गैस संकट के बीच सेंसेक्स की गिरावट केवल बाजार की घटना नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था के सामने खड़ी चुनौतियों की याद दिलाती है। यदि समय रहते ठोस कदम उठाए जाएं तो यह संकट अवसर में भी बदल सकता है, लेकिन अगर इसे नजरअंदाज किया गया तो इसके गंभीर आर्थिक परिणाम सामने आ सकते हैं।

निवेशक दोहरी दुविधा में

वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिस्थितियों के बीच आज निवेशक एक कठिन दौर से गुजर रहा है। बाजार में अनिश्चितता, अंतरराष्ट्रीय तनाव और महंगाई के दबाव ने निवेशकों को दोहरी दुविधा में डाल दिया है। एक ओर शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव है, वहीं दूसरी ओर सुरक्षित निवेश विकल्प भी अपेक्षित रिटर्न नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल महत्वपूर्ण हो गया है कि निवेशक अपने धन को कहाँ और कैसे सुरक्षित रखें।हाल के समय में वैश्विक स्तर पर कई घटनाएँ आर्थिक बाजारों को प्रभावित कर रही हैं। तेल-गैस की कीमतों में अस्थिरता, अंतरराष्ट्रीय संघर्ष और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की नीतियों में बदलाव का असर भारत सहित दुनिया के शेयर बाजारों पर दिखाई दे रहा है। जब भी वैश्विक स्तर पर संकट गहराता है, निवेशक जोखिम से बचने के लिए सुरक्षित विकल्पों की ओर रुख करते हैं। लेकिन वर्तमान स्थिति में सुरक्षित निवेश भी बहुत आकर्षक नहीं दिख रहा।

दूसरी ओर घरेलू स्तर पर भी निवेशकों के सामने कई सवाल खड़े हैं। महंगाई की दर में उतार-चढ़ाव, ब्याज दरों की अनिश्चितता और कंपनियों के भविष्य को लेकर आशंकाएँ निवेशकों को निर्णय लेने में कठिनाई पैदा कर रही हैं। शेयर बाजार में निवेश करने पर जोखिम अधिक है, जबकि बैंक जमा या अन्य सुरक्षित विकल्पों में रिटर्न सीमित है। यही कारण है कि निवेशक समझ नहीं पा रहे कि जोखिम उठाकर बाजार में बने रहें या सुरक्षित विकल्पों में पैसा लगाएँ।

निवेशकों की यह दुविधा केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक भी है। बाजार की अस्थिरता के कारण कई छोटे निवेशक घबराकर अपने निवेश को निकाल लेते हैं, जिससे बाजार में और अधिक गिरावट देखने को मिलती है। वहीं कुछ अनुभवी निवेशक इसे अवसर के रूप में देखते हैं और गिरते बाजार में निवेश बढ़ाते हैं।

ऐसी स्थिति में सबसे महत्वपूर्ण है संतुलित और दीर्घकालिक दृष्टिकोण। विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशकों को घबराहट में निर्णय लेने के बजाय अपने निवेश को विविध क्षेत्रों में बांटना चाहिए और लंबी अवधि की रणनीति अपनानी चाहिए। इससे जोखिम कम किया जा सकता है और बाजार की अस्थिरता का प्रभाव भी सीमित किया जा सकता है।

सरकार और नियामक संस्थाओं की भी जिम्मेदारी है कि वे आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएँ। पारदर्शी नीतियाँ, निवेश के अनुकूल वातावरण और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देकर निवेशकों का भरोसा मजबूत किया जा सकता है।

यह कहा जा सकता है कि वर्तमान समय निवेशकों के लिए परीक्षा का दौर है। दोहरी दुविधा के बीच सही निर्णय वही होगा जो धैर्य, समझ और दीर्घकालिक सोच पर आधारित हो। अगर निवेशक संतुलित रणनीति अपनाते हैं, तो अस्थिर बाजार भी भविष्य के अवसरों में बदल सकता है।

तेल-गैस संकट से कैसे मिले निजात?

विश्व राजनीति और ऊर्जा बाज़ार में बढ़ती अनिश्चितता ने एक बार फिर तेल-गैस संकट की आशंका को गहरा कर दिया है। मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव, आपूर्ति में रुकावट और अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कीमतों के उतार-चढ़ाव का सीधा असर भारत जैसे आयात-निर्भर देश पर पड़ता है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए जब भी वैश्विक स्तर पर संकट पैदा होता है, उसका दबाव देश की अर्थव्यवस्था, उद्योग और आम उपभोक्ता पर साफ दिखाई देता है।तेल और गैस केवल ईंधन नहीं, बल्कि आधुनिक अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। परिवहन, बिजली उत्पादन, उद्योग और घरेलू उपयोग—हर क्षेत्र इन पर निर्भर है। जब इनकी कीमतें बढ़ती हैं या आपूर्ति कम होती है, तो महंगाई बढ़ती है, उत्पादन लागत बढ़ती है और आर्थिक विकास की गति भी प्रभावित होती है। इसलिए यह केवल ऊर्जा संकट नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक चुनौती भी बन जाता है।इस संकट से निपटने के लिए सरकार को बहुस्तरीय रणनीति अपनानी होगी।

## -उपभोक्ता अधिकार दिवस आज-

# ज्यादा टेक्स व ज्यादा राशि लगने का डर बता कर दुकानदार नहीं देते पक्का बिल

### उपभोक्ता नहीं जा पाते फोरम, टेक्स की होती रहती है चोरी

**बलराम शर्मा,**

उपभोक्ताओं से दुकानदार कहते हैं कि पक्का बिल मांगोगे तो ज्यादा टेक्स देना पड़ेगा। आपको ज्यादा राशि देनी पड़ेगी। इस कारण आज की बेतहासा मंहगाई से टक्कर लेने वाले मध्यम वर्गीय उपभोक्ता बिना पक्का बिल लिए ही कुछ कम राशि देकर सामान खरीदने पर मजबूर हो जाते हैं। इससे कई बार उपभोक्ता चालाक दुकानदारों के चक्कर में नकली सामान लेकर पछताने के अलावा कुछ नहीं कर पाते हैं। क्योंकि उपभोक्ता फोरम में जाने के लिए बिल की जरूरत होती है। रेडीमेड कपड़ा की दुकान वाले तथा फुटकर सामान बेचने वाले दुकानदार बिल देने में आनाकानी करते है। वह बिल देने को तब तैयार रहते हैं। जब उपभोक्ता ज्यादा राशि देने को तैयार होते हैं। टेक्स की चोरी करने वाले दुकानदार उपभोक्ताओं से कहते हैं कि आप बिल का क्या करोगे हम तो बैठे हैं। हम पर भरोसा करिए। उनकी मीठी चिकनी चुपड़ी बातों में आ जाते हैं। जो सामान खरीदा वह नया दिखते समय तो अच्छा दिखता है लेकिन कुछ दिन बाद ही उसकी असलियत सामने आने पर जब वह सामान नकली




होता है तो दुकानदार के पास पहुंचने पर उसकी भाषा शैली व अंदाज बदल जाता है। वह उपभोक्ता को पहचानने से इंकार करते हुए उपभोक्ता को ही दोषी ठहराता है। उपभोक्ता के पास बिल तो रहता नहीं है। इसलिए वह अपनी बात उचित फोरम पर रखने में असमर्थ रहता है। इसलिए सामान खरीदते समय पक्का बिल लेना और दुकानदार को देना आवश्यक किया जाना चाहिए।

### उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम है

उपभोक्ताओं के अधिकार के संरक्षण के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में संशोधन कर और भी अधिकार प्रदान किए गए हैं। उपभोक्ताओं को थोड़े से लालच में आकर बिना बिल के सामान नहीं लेना चाहिए। बिल लेना उपभोक्ता का अधिकार है तभी तो वह अपनी बात सबूत के साथ रख पाएगा। कई लोग सोने चांदी सहित अन्य सामान में ठगा जाते हैं। उनके पास पक्का बिल हो तो उन्हें उनका हक मिलता है।

### महंगाई पर नियंत्रण होना चाहिए

वर्तमान में जो महंगाई है उस पर शासन का नियंत्रण नहीं होने से दुकानदार तरह तरह के हथकंडे अपनाकर उपभोक्ताओं के साथ ठगी करते रहते हैं। ऐसे अनेक उदाहरण देखने को मिलते हैं। ज्यादातर दुकानदार बिल नहीं देना चाहिते हैं। क्योंकि इसमें उन्हें टेक्स की बचत हो जाती है। बिल नहीं देने के पीछे बड़ी गेंग कार्य करती है। जिस पर नियंत्रण जरूरी है।

**डॉ हरिओम दीक्षित,**

### बिल देना अनिवार्य किया जाए

शासन को यह नियम बनाना चाहिए कि चाहे उपभोक्ता मांगे या नहीं मांगे हर सामग्री का पक्का बिल अनिवार्य रूप से दिया जाए। जिससे उपभोक्ताओं को फोरम में जाने का अधिकार बना रहे। इसके लिए प्रशासन स्तर पर एक कमेटी ऐसी बनाई जाए जो दुकानों पर आकस्मिक निरीक्षण करे कि उपभोकता ने सामान लिया है उसे बिल क्यों नहीं दिया।


**डॉ केशव मिश्रा प्रोफेसर नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम।**

# बाजारवाद के चक्रव्यूह में उपभोग की नैतिकता और अधिकार

**दिलीप कुमार पाठक**

15 मार्च विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

प्रकृति का शाश्वत नियम संतुलन पर टिका है, लेकिन आधुनिक अर्थतंत्र का पहिया उपभोग की तीव्र अंधी दौड़ से घूम रहा है। हर साल 15 मार्च को मनाया जाने वाला विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस महज कैलेंडर की एक औपचारिक तारीख नहीं है, बल्कि यह उस बुनियादी और कड़वे सत्य की याद दिलाता है कि बाजार का वजूद उपभोक्ता की सांसों से है, न कि उपभोक्ता का बाजार से। जब हम वर्ष 2026 के इस अत्याधुनिक और जटिल डिजिटल युग के मुहाने पर खड़े हैं, तो उपभोक्ता की परिभाषा और उसकी सीमाएं केवल भौतिक सामान खरीदने तक सीमित नहीं रह गई हैं। आज हमारी निजता, हमारा व्यक्तिगत डेटा, हमारी पसंद-नापसंद और यहाँ तक कि हमारा कीमती समय भी बाजार की सबसे बड़ी वस्तु बन चुके हैं। ऐसे में उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा का प्रश्न अब महज आर्थिक नहीं, बल्कि एक गहरे अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। बाजार के इस विशाल और मायावी चक्रव्यूह में उपभोक्ता को राजा की उपाधि तो दे दी गई है, लेकिन व्यवहार के धरातल पर देखें तो वह अक्सर सूचनाओं के अभाव और भ्रामक विज्ञापनों के मकड़जाल में फंसा एक असहाय पथिक ही नजर आता है। 15 मार्च 1962 को जब अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी ने पहली बार दुनिया के सामने उपभोक्ता अधिकारों का उद्घोष किया था, तब उनका मुख्य लक्ष्य एक पारदर्शी और न्यायपूर्ण व्यवस्था का निर्माण करना था। भारत ने भी इस दिशा में मील का पत्थर गाड़ते हुए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 जैसे सशक्त कानून हमारे हाथों में सौंपे हैं, जो हमें सुरक्षा, सूचना, चयन और निवारण का अभूतपूर्व कानूनी कवच प्रदान करते हैं। मगर इतिहास गवाह है कि कानून की शक्ति तभी सार्थक और प्रभावी होती है जब समाज के भीतर सजगता का संस्कार अपनी जड़ें जमा चुका हो।वर्तमान समय में ई-कॉमर्स की चकाचौंध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की चालाकी ने बाजार का पूरा भूगोल ही बदल दिया है। डार्क पैटर्न्स के जरिए उपभोक्ताओं को उनकी इच्छा के विरुद्ध अनचाहे विकल्प चुनने पर मजबूर करना या जटिल एल्गोरिदम के जरिए उनकी मानसिक सोच को नियंत्रित करना एक नई और अदृश्य किस्म की गुलामी है। भ्रामक दावों वाले विज्ञापनों में जब समाज के प्रतिष्ठित चेहरे और बड़े सितारे शामिल होते हैं, तो एक आम आदमी का भरोसा बड़ी सहजता से डगमगा जाता है। हमें यह गहराई से समझना होगा कि एक सतर्क और विवेकी उपभोक्ता केवल अपनी मेहनत की कमाई नहीं बचाता, बल्कि वह पूरे बाजार तंत्र को जवाबदेह और नैतिक होने के लिए विवश करता है।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशिप करने पर विचार करेंगे।

वृष राशि: वृष राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा। नवविवाहित दंपति के बीच आज मीठी नोक झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन देन में सावधानी बरते। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। आज आपको नया अनुभव मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। आज आपको बात करते समय अपनी भाषा पर नियंत्रण रखने की जरूरत है, अन्यथा आपका विरोध कर सकता है।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला रहेगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा।

सिंह राशि:सिंह राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको बिजनेस मे बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी।

कन्या राशि: कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज कामकाज व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। किसी मित्र की सहायता से आपके बिगड़े हुए काम बनेंगे और पिछले किये गए प्रयासों में सफलता मिलेगी।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीकों पर विचार करेंगे।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। आज बेवजह की बहस करने वालों से दूरी बनाये रखें। साथ ही कामकाज से फ्री होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर सुकून के कुछ पल बिताएंगे। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे साथ ही व्यावहारिक बदलाव करने का सोचेंगे।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा। किसी पार्क में परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान कैंसिल होने की सम्भावना है। राजनीति से जुड़े लोगों को आज किसी अनुभवी और सफल राजनेता का मार्गदर्शन मिलेगा। पारिवारिक सुख सुविधाओं में वृद्धि से होने से लाभ होगा। फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों को गति देंगे, अपनी योजना में जोड़ने के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है।

मकर राशि:मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया रहेगा, मन खुश रहेगा। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको दोगुना लाभ होने की संभावना बन रहीं है। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जायेंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगों को विशेष सम्मान दिए जाने की घोषणा होगी।

कुम्भ राशि: कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे जिससे पूरा दिन आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे वह समय से पूरा हो जायेगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है।

मीन राशि: मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते है आपकी माता को खुशी होगी। आज आपका रुका हुआ काम आसानी से पूरा होगा। आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान दें। इससे आपको जरूरी बातें पता चल सकती हैं।

# अब तो ट्रंप को नोबल पुरस्कार दे ही देना चाहिए !

**डॉ. चन्दर सोनाने**

अब तो अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को शांति का नोबल पुरस्कार दे ही देना चाहिए ! आप सोच रहे होंगे, ऐसा अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने क्या किया, जो उसे शांति का नोबल पुरस्कार दे दिया जाए ! आप सही सोच रहे हैं। उन्होंने कुछ नहीं किया है। किंतु उन्होंने अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध तो शुरू किया है। यूं सीधा-सीधा तो यह युद्ध इजराईल और ईरान के बीच है। किन्तु शुरू से ही अमेरिका ने इजराईल के साथ भाईचारा निभाया है और शुरू से ही वह भी युद्ध में कूद पड़ा है !

इस युद्ध से विश्व में डीजल और पेट्रोल की कीमत बढ़ने लगी है और उसकी उपलब्धता भी कम होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। रसोई गैस की कमी भारत सहित विश्व के अनेक देशों में महसूस की जा रही है। पहले ट्रंप ने टैरिफ युद्ध के जरिए विश्व में अपना आतंक फैलाया था और अब वह युद्ध के माध्यम से विश्व में आतंक फैला रहा है! आतंक में कमी नहीं हुई है, बल्कि और बढ़ोत्तरी ही हुई है। अमेरिका और ईरान युद्ध 14 मार्च को 15 वें दिन में प्रवेश कर गया है। 28 फरवरी से युद्ध आरंभ हुआ था और फिलहाल इसके थमने के कोई संकेत भी नहीं दिखाई दे रहे। पिछले 24 घंटे में हालात और तनावपूर्ण हो गए हैं। हाल ही में अमेरिका ने ईरान के नवनिर्वाचित सर्वोच्च नेता मौज्तबा खामेनेई की सटिक लोकेशन या सही जानकारी देने वाले को 10 मिलियन डॉलर का ईनाम देने की घोषणा की है। अर्थात सही जानकारी देने वाले को 80 से 90 करोड़ रूपए से अधिक के ईनाम देने की घोषणा की गई है। यानी की युद्ध और बढ़ने की संभावना है। युद्ध के कम होने और खत्म होने की संभावना दूर-दूर तक दिखाई नहीं दे रही है।

ऐसी हालत में बचपन में स्कूल का एक प्रसंग याद आ रहा है। क्लास में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्लास टीचर यह करते थे कि क्लास के सबसे बदमाश लड़के को वे क्लास मॉनिटर बना देते थे। इससे क्लास के सब बच्चे उस बदमाश लड़के



से डरते थे और क्लास में अनुशासन कायम हो जाता था। बदमाश लड़का भी खुश रहता था और क्लास में शांति कायम रहती थी।

अब ऐसा ही कुछ करने की आवश्यकता है ! विश्व के सबसे बदमाश नेता अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को शांति का नोबल पुरस्कार देकर विश्व रूपी क्लास का मॉनिटर बना देना चाहिए और उसकी दिली तमन्ना पूरी कर देना चाहिए ! शांति का नोबल पुरस्कार मिल जाने से उस पर यह दबाव रहेगा कि उसे विश्व में शांति स्थापित करने के लिए नोबल पुरस्कार मिला है, इसलिए हर हाल में उसे शांति कायम रखनी ही होगी !

और निश्चित मानिए, इजराईल-अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को ट्रंप रोक देंगे ! यही नहीं पिछले तीन साल से अधिक समय से चल रहे यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध के भी समाप्त होने के आसार इससे बढ़ जायेंगे ! क्योंकि यह हर कोई जानता है कि यूक्रेन को हर तरह से मदद अमेरिका ही दे रहा है। उसी के बूते यूक्रेन रूस जैसी महाशक्ति से पिछले तीन साल से युद्ध में डटा हुआ है।

कैसा लगा आपको मेरा यह सुझाव? आपको इस बात में जरा भी दम लग रहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को शांति का नोबल पुरस्कार देने से विश्व में शांति कायम हो सकती है, तो उसे जरूर यह पुरस्कार देना चाहिए! शांति का नोबल पुरस्कार देने वाली समिति को इस पर गंभीरता से गौर करना चाहिए ! अभी तक होता यह आया है कि जिसने भी विश्व में शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, उसे शांति का नोबल पुरस्कार दिया जाता रहा है।

किन्तु अब इसका उल्टा करने की जरूरत है। यानी उसे नोबल पुरस्कार दिया जाए, जो नोबल पुरस्कार मिलने के बाद विश्व में शांति स्थापित करें। हाँ इसमें यह जरूर किया जाना चाहिए कि शांति का नोबल पुरस्कार दिये जाने के पहले अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से लिखित में ले लेना चाहिए कि वह शांति का नोबल पुरस्कार मिलने के बाद न केवल इजराईल-अमेरिका और ईरान का युद्ध बल्कि यूक्रेन और रूस के युद्ध को भी बंद करवा देंगे। इससे विश्व में शांति कायम हो जाएगी और शांति के नोबल पुरस्कार की महत्ता भी नई परिभाषा में सिद्ध हो जाएगी !





## स्वच्छता से मिलेगा बड़ा लाभ : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अल्बर्ट हॉल से राज्य-स्तरीय स्वच्छता सप्ताह का किया आगाज

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य-स्तरीय स्वच्छता सप्ताह में शिरकत की। मुख्यमंत्री ने जयपुर के ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल से इस विशेष अभियान की औपचारिक शुरुआत की, जिसका उद्देश्य प्रदेश को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संदेश देना है। इस अवसर पर राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर ने अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, राजस्थान दिवस के अवसर पर इस बार प्रदेश में एक विशेष पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसकी शुरुआत आज जयपुर के अल्बर्ट हॉल से हुई है। राठौर ने आगे जानकारी दी कि इसी तर्ज पर प्रदेश के प्रत्येक जिले में स्वच्छता अभियान चलाकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मदन राठौर ने स्वच्छता के दूरगामी फायदों का जिक्र करते हुए कहा कि स्वच्छता से समाज को बहुत लाभ मिलने वाला है और इसी दूरगामी विजन को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने आज इस कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस अभियान के माध्यम से पूरे प्रदेश में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाने और आमजन को इस मुहिम से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने शहर को साफ-सुथरा रखने का संकल्प लिया।

## हरियाणा में भारी मात्रा में आरडीएक्स बरामद, पूरा इलाका किया गया सील, मौके पर पहुंचा बम निरोधक दस्ता

अंबाला (आरएनएस)। हरियाणा के अंबाला जिले के बराड़ा क्षेत्र में संदिग्ध विस्फोटक सामग्री मिलने की सूचना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही एसटीएफ व बम स्क्वायड मौके पर पहुंच गया और पूरे क्षेत्र को घेर लिया गया है।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार संदिग्ध सामग्री लगभग दो किलोग्राम RDX बताई जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने एहतियात के तौर पर बराड़ा रोड को पूरी तरह बंद कर दिया है और इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मौके पर जांच में जुटी हैं, हालांकि अधिकारी फिलहाल इस मामले में कोई आधिकारिक बयान देने से बच रहे हैं। बम निरोधक दस्ता संदिग्ध सामग्री की जांच कर रहा है और आसपास के क्षेत्र की तलाशी भी ली जा रही है।

घटना के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और आने-जाने वाले लोगों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि बरामद सामग्री वास्तव में विस्फोटक है या नहीं। प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है और जैसे-जैसे नई जानकारी सामने आएगी, सुरक्षा एजेंसियों द्वारा स्थिति को लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घबराहट में आकर न करें एलपीजी बुकिंग', देश में ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति, सरकार ने लोगों से की ये अपील

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकार ने कहा कि देश में रसोई गैस (एलपीजी) का घरेलू उत्पादन करीब 30 प्रतिशत बढ़ गया है और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद भारत में ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति मौजूद है।पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने एक अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में कहा कि 5 मार्च की तुलना में देश की रिफाइनरियां अब करीब 30 प्रतिशत अधिक एलपीजी का उत्पादन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि घरों और जरूरी संस्थानों को रसोई गैस की सप्लाई बिना किसी रुकावट के मिलती रहे।शर्मा ने बताया कि एलपीजी सप्लाई में घरों, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर राज्य सरकारों को भी उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि जरूरत के हिसाब से वे उन्हें प्राथमिकता के आधार पर वितरित कर सकें। सरकार ने यह भी भरोसा दिलाया है कि देश के पास पर्याप्त रिफाइनिंग क्षमता और ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है। भारत की मौजूदा कच्चे तेल को रिफाइन करने की क्षमता 258 मिलियन मीट्रिक टन है, और देश की रिफाइनरियां फिलहाल पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं। शर्मा ने कहा कि इसी वजह से भारत पेट्रोल और डीजल के उत्पादन में लगभग आत्मनिर्भर हो गया है, जिससे इन ईंधनों के आयात की जरूरत कम हो गई है।उन्होंने बताया कि देश में कहीं भी पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं है और करीब एक लाख पेट्रोल पंपों में से किसी ने भी ईंधन खत्म होने की स्थिति की सूचना नहीं दी है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं और उनके पास पर्याप्त ईंधन का स्टॉक मौजूद है। शर्मा के अनुसार, रिफाइनरियों के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार भी मौजूद है, और इसकी आपूर्ति लगातार की जा रही है ताकि संचालन सुचारु बना रहे। सरकार ने यह भी कहा कि पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) और कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की सप्लाई भी पूरी तरह स्थिर है।

# नजफगढ़ और पंखा रोड ड्रेन की सफाई के लिए उतरीं हाईटेक मशीनें, सीएम रेखा गुप्ता ने दिखाई हरी झंडी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने बडुसराय पुल, नजफगढ़ ड्रेन और पंखा रोड ड्रेन पर नई अत्याधुनिक अम्फीबियस एक्स्कावेटर मशीनों (लॉन्ग बूम और शॉर्ट बूम) को लॉन्च किया। इन मशीनों से ड्रेनों की डी-सिल्टिंग, कचरा हटाने और जलकुंभी की सफाई का काम तेजी और प्रभावी तरीके से किया जाएगा। इससे पानी की निकासी व्यवस्था बेहतर होगी और बरसात में जलभराव की समस्या कम करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के नालों की सफाई और यमुना को स्वच्छ बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आधुनिक तकनीक का उपयोग कर रही है।

इस अवसर पर दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद सहित संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि नजफगढ़ ड्रेन दिल्ली का सबसे बड़ा ड्रेन है और दिल्ली के कुल नालों से निकलने वाली लगभग 75 प्रतिशत सिल्ट इसी ड्रेन के माध्यम से आती है। उन्होंने कहा कि वर्षों से जमा हुई भारी मात्रा में सिल्ट को निकालना पहले बेहद कठिन कार्य माना जाता था। लेकिन अब



इन आधुनिक फ्लोटिंग मशीनों के माध्यम से यह संभव हो पा रहा है। ये मशीनें ड्रेन के बीचोंबीच जाकर सिल्ट को निकाल सकती हैं, जिससे लंबे समय से जमा गाद को हटाने की प्रक्रिया तेज होगी।उन्होंने बताया कि अनुमान के मुताबिक नजफगढ़ ड्रेन में करीब एक करोड़ मीट्रिक टन से अधिक सिल्ट जमा है। इसे हटाने के लिए इन आधुनिक अम्फीबियस मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। दिल्ली सरकार ने और अम्फीबियस मशीनें खरीदने का भी निर्णय किया है। इनमें से एक मशीन पहले ही लाई जा चुकी थी, जबकि आज चार नई मशीनों का जलावतरण किया गया। बाकी मशीनें भी जल्द ही विभाग को सौंप दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार अब केवल मॉनसून से पहले ही नहीं बल्कि पूरे वर्ष नालों की डी-सिल्टिंग का कार्य कर रही है ताकि बारिश के समय जलभराव की समस्या को प्रभावी रूप से रोका जा सके।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली सरकार मां यमुना और उनसे जुड़ी बड़ी ड्रेनों की सफाई के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आधुनिक मशीनों का उपयोग कर रही है ताकि यमुना को अविरल और निर्मल बनाया जा सके तथा दिल्ली को स्वच्छ, सुरक्षित और जलभराव से मुक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि नजफगढ़ ड्रेन और उससे जुड़ी प्रमुख ड्रेनों की सफाई के लिए अत्याधुनिक अम्फीबियस मशीनों का उपयोग दिल्ली सरकार के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

## वाराणसी को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सिटी घोषित करवाने का प्रयास, राज्यसभा में रखी मांग

नई दिल्ली,/वाराणसी (आरएनएस)। वाराणसी को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सिटी घोषित करवाने संबंधी प्रस्ताव को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। सरकार से यह मांग राज्यसभा में की गई। राज्यसभा में कहा गया कि वाराणसी दुनिया के सबसे प्राचीन और लगातार बसे शहरों में से एक है। यहां के प्राचीन मंदिर, पौराणिक गंगा के घाट और सदियों पुरानी सांस्कृतिक परंपराएं इसे अद्वितीय बनाती हैं। यहां का संगीत, कला और स्थापत्य विश्वभर में प्रसिद्ध है और इसकी पहचान पूरी दुनिया में है। भाजपा के राज्यसभा सांसद संजय सेठ ने शुक्रवार को राज्यसभा में यह विषय रखते हुए कहा कि वह आज पूरे सदन और देश का ध्यान भगवान शिव की नगरी काशी, अर्थात् वाराणसी की पर्यटन क्षमता और सांस्कृतिक विरासत की ओर आकर्षित करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में वाराणसी ने विकास की एक महत्वपूर्ण यात्रा तय की है। 2014 से पहले यह शहर गंदगी, टूटी सड़कों और बिजली के उलझे तारों की समस्या से जूझ रहा था, लेकिन आज यह तेजी से एक आधुनिक और वैश्विक शहर के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री ने अपनी अनेक यात्राओं के दौरान अपनी इस कर्मभूमि को 60,000 करोड़ रुपए से अधिक के बुनियादी ढांचे के प्रोजेक्ट्स की सौगात दी है। चाहे वह काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का निर्माण हो, घाटों का पुनर्निर्माण हो या सड़कों का चौड़ीकरण, हर जगह विकास स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

# जाति देखकर इंटरव्यू में फेल करने के राहुल गांधी के बयान को डीयू ने किया खारिज

### कहा- राहुल पहले फैक्ट्स की जांच करें, एंट्रेंस एक्जाम से दिया जाता है प्रवेश

नई दिल्ली,(ए.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कांशीराम जयंती पर हुए संविधान सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी में जाति देखकर इंटरव्यू में फेल करने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि मैं दिल्ली यूनिवर्सिटी गया था। इंटरव्यू में बच्चों को निकालने का तरीका है। आपकी जाति क्या है भैया, आप इंटरव्यू में फेल। दिल्ली यूनिवर्सिटी ने राहुल के इस बयान को खारिज कर दिया है। यूनिवर्सिटी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- यूनिवर्सिटी क्यूट स्कोर के आधार पर एडमिशन देती है। कई ग्रेजुएशन-पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्सेस के लिए इंटरव्यू जरूरी नहीं हैं। राहुल को बयान देने से पहले फैक्ट्स की जांच करना चाहिए।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली यूनिवर्सिटी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि यदि राहुल गांधी का संकेत फैकल्टी रिक्रूटमेंट पर था, तो हाल के समय में सभी कैटेगरी में हजारों शिक्षकों की नियुक्तियां की गई हैं। डीयू ने राहुल गांधी के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि हम ऐसी टिप्पणियों का कड़ा विरोध करते हैं, क्योंकि वे विश्वविद्यालय में एक ऐसा माहौल बनाती हैं जो पढ़ाई-लिखाई के लिए अनुकूल नहीं होता।

बता दें राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि नरेंद्र मोदी साइकोलॉजिकली खत्म हो गए हैं। मोदी अब भारत के पीएम नहीं रहे, वे अमेरिका के लिए काम कर रहे हैं और नरेंदर ने सरेंडर कर दिया है। जब मैं यह बात संसद में बोलने जा रहा था तो नरेंद्र मोदी भाग कर निकल गए। उन्होंने कहा- नरेंद्र मोदी ने देश की एनर्जी सिक्योरिटी से समझौता कर लिया है। क्योंकि अब अमेरिका तय कर रहा है कि हम तेल कहां से



लेंगे? एनर्जी सेक्टर के हालात अभी और खराब होंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक राहुल गांधी ने कहा कि कांशीराम समाज में बराबरी की बात करते थे।

अगर जवाहर लाल नेहरू जिंदा होते तो कांशीराम कांग्रेस के सीएम होते, लेकिन आज बीजेपी ने समाज को 15 और 85 बांट दिया है। फायदा सिर्फ 15फीसदी वालों को मिल रहा है। 50फीसदी को अलग-अलग कर दिया गया। कार्यक्रम में राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर भी निशाना साधते हुए कहा कि संगठन के ढांचे में पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व कम है।



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मुंबई के संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में वनरानी मिनी ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

## मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष के बीच अबू धाबी से भारतीयों को लेकर बेंगलुरु पहुंची फ्लाइट



बेंगलुरु (आरएनएस)। मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच अबू धाबी से बेंगलुरु आ रही एतिहाद एयरवेज की उड़ान ईवाई-262 आज केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतर गई। अबू धाबी से बेंगलुरु पहुंचे भारतीय नागरिकों ने बताया कि कुवैत और बहरीन की तुलना में संयुक्त अरब अमीरात में स्थिति अपेक्षाकृत स्थिर है, हालांकि उन्होंने संघर्ष जारी रहने की स्थिति में भारतीय कामगारों पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव के बारे में आशंका भी व्यक्त की। ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच बढ़ते तनाव ने इस क्षेत्र में रहने वाले भारतीयों के बीच बेचैनी पैदा कर दी है। एक यात्री ने भारतीय मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चल रही उन खबरों का खंडन किया, जिनमें दुबई के प्रमुख स्थलों पर हमले का दावा किया गया था। यात्री ने कहा, भारतीय मीडिया में दिखाई जा रही खबरें कि बुर्ज खलीफा पर हमला हुआ है, कुछ दीवारें क्षतिग्रस्त हुई हैं, ये सब झूठी खबरें हैं। इन सब बातों पर विश्वास न करें। जब भी कोई हमला होता है, तो कुछ न कुछ होता है, मलबा वगैरह गिर जाता है, उससे धुआं निकलता है और ऐसा हो रहा है। इसी वजह से सिर्फ कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं, बाकी सब सामान्य है। कारोबार सामान्य रूप से चल रहा है और दफ्तर सामान्य हैं। हर जगह सब कुछ समान्य हैं। एक अन्य यात्री ने सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों पर भरोसा न करने की सलाह दी और सरकारी सूचनाओं पर विश्वास करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## किसानों के खाते में आ गए 2-2 हजार रुपए, PM मोदी ने जारी की 22वीं किस्त; तुरंत ऐसे चेक करें लिस्ट में अपना नाम

नई दिल्ली(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार, 13 मार्च को देश भर के करोड़ों किसानों को एक बड़ा तोहफा दिया है। असम के गुवाहाटी में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी कर दी है। इसके तहत 9.32 करोड़ पात्र किसानों के बैंक खातों में 2-2 हजार रुपये की सम्मान राशि ट्रांसफर की गई है। सरकार की ओर से 18,640 करोड़ रुपये से ज्यादा की भारी-भरकम रकम सीधे किसानों के खातों में भेजी गई है, जो धीरे-धीरे सभी लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचनी शुरू हो गई है।

अगर आप भी इस योजना के पात्र लाभार्थी हैं, तो जल्द ही आपके बैंक खाते में 22वीं किस्त के 2000 रुपये जमा हो जाएंगे। आमतौर पर पैसा क्रेडिट होते ही बैंक की तरफ से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक अलर्ट मैसेज भेज दिया जाता है। हालांकि, अगर आपको मैसेज नहीं मिला है, तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप सीधे अपने बैंक खाते का बैलेंस चेक करके इसका पता लगा सकते हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि योजना का लाभ बिना किसी रुकावट के प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी



(eKYC) करवाना और फार्मर आईडी का बना होना अनिवार्य है। जिन किसानों ने यह प्रक्रिया पूरी कर ली है, उनका पैसा सुरक्षित उनके खाते में पहुंच जाएगा।

अगर आप यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि आपको इस 22वीं किस्त का लाभ मिलेगा या नहीं, तो आपको पीएम किसान की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर लाभार्थियों की सूची में अपना नाम चेक करना होगा। अगर आपका नाम इस सूची में शामिल है, तभी पैसा आपके खाते में आएगा, अन्यथा आप इस लाभ से वंचित रह सकते हैं।

अपना नाम चेक करने के लिए सबसे पहले आपको पीएम किसान की वेबसाइट (pmkisan.gov.in) पर जाना होगा। वहां होम पेज पर 'फार्मर्स कॉर्नर' के नीचे दिए गए 'बेनिफिशियरी लिस्ट' वाले विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद अपना राज्य, जिला, उप-जिला, ब्लॉक और गांव का नाम ध्यानपूर्वक भरें और 'गेट रिपोर्ट' पर क्लिक कर दें। ऐसा करते ही पूरी सूची आपकी स्क्रीन पर आ जाएगी, जिसमें आप आसानी से अपना नाम खोज सकते हैं।

## पंजाब में तीन दिवसीय इन्वेस्टर्स समिट 2026 का आयोजन, जुटेंगे देश-विदेश के उद्योगपति

चंडीगढ़ ,(आरएनएस)। पंजाब सरकार की ओर से मोहाली में तीन दिवसीय प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट 2026 आयोजित किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट 2026 को भगवंत मान सरकार की ओर से पंजाब को रंगला पंजाब बनाने की ओर बड़ा कदम माना जा रहा है। सम्मेलन 13 मार्च से 15 मार्च तक चलेगा, जिसमें यूनाइटेड किंगडम, जापान और दक्षिण कोरिया समेत अनेक देशों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, आज प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट 2026 का शानदार आगाज हो रहा है। गुरुओं-पीरों की पावन धरती पर देश-दुनिया से पहुंचे नामचीन उद्योगपतियों का हार्दिक स्वागत है।भगवंत मान ने पोस्ट में आगे लिखा, चंडीगढ़ स्थित निवास पर विश्व प्रसिद्ध स्टील कंपनी आर्सेलर मित्तल के कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मी एन. मित्तल से अहम मुलाकात हुई। पंजाब में बड़े पैमाने पर निवेश और हमारे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने को लेकर उनके साथ सार्थक चर्चा हुई।

# 2000 करोड़ की योजना से सुदृढ़ होगा प्रदेश का पेयजल ढांचा : अग्निहोत्री

ऊना,(आरएनएस)। उपमुख्यमंत्री एवं जलशक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में पेयजल की गुणवत्ता सुधारने और जल शुद्धिकरण व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए लगभग 2000 करोड़ रुपये की व्यापक योजना लागू की जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के बंगाणा में आयोजित जनसभा में इस महत्वाकांक्षी पहल की घोषणा करने के लिए उनका आभार जताया।

अग्निहोत्री ने कहा कि प्रस्तावित योजना के तहत आधुनिक तकनीक आधारित जल शुद्धिकरण प्रणालियां स्थापित की जाएंगी, जिससे प्रदेशवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होगा तथा जलजनित बीमारियों में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि जलशक्ति विभाग इस योजना को चरणबद्ध ढंग से लागू करेगा। उपमुख्यमंत्री बंगाणा में मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से लठियाणी और धुंदला क्षेत्र की विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं के संवर्धन कार्य के शिलान्यास के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से बुधान, चमयाड़ी, डियुंगली, लठियाणी और तनोह पंचायतों के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा।उन्होंने कहा कि ऊना जिला में पेयजल और सिंचाई से संबंधित लगभग 1000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में लगभग 121 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल, सिंचाई और मल निकासी से जुड़ी 16 योजनाओं के कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जिससे क्षेत्र में जल प्रबंधन व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। अग्निहोत्री ने बताया कि माता चिंतपूर्णी मंदिर और आसपास की पंचायतों में पेयजल आपूर्ति को मजबूत करने के लिए भी कार्य किया गया है, जबकि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को उन्नत करने के लिए परियोजना पर काम जारी है।

# जनरल हसनैन बने बिहार के नए राज्यपाल, 40 साल तक दीं भारतीय सेना में सेवाएं

### -2024 को आरिफ मोहम्मद खान को बिहार का राज्यपाल बनाया था

पटना,(ए)। सैयद अता हसनैन ने शनिवार को बिहार के नए राज्यपाल की शपथ ली। वे राज्य के 43वें राज्यपाल होंगे। पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के विनोद चंद्रन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। लोक भवन में शपथ ग्रहण समारोह में सीएम नीतीश कुमार और दोनों डिप्टी सीएम मौजूद थे। सेना से रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन भारतीय सेना में अपनी बेहतर सेवाओं और रणनीतिक नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। अपने लंबे सैन्य करियर के दौरान उन्होंने कई अहम जिम्मेदारियां संभाली और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर उनकी गहरी समझ है। हसनैन करीब 40 सालों तक भारतीय सेना में सेवा दे चुके हैं। अपने सैन्य करियर के दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर में कई अहम जिम्मेदारियां निभाई।



उनके नेतृत्व में सेना में कई सामाजिक पहल शुरू की गई, जिनमें युवाओं के लिए शिक्षा, खेल-रोजगार से जुड़े कार्यक्रम शामिल रहे। इससे कश्मीर के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिश की। सेना से रिटायर्ड होने के बाद भी वे राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक मामलों से जुड़े रहे।


## मोनालिसा ने स्विमिंग पूल में दिए हॉट पोज, फैंस बोले- काफी बोल्ड...



भोजपुरी इंडस्ट्री की हॉट अभिनेत्रियों में से एक मोनालिसा आए दिन अपने बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए प्यार लूटाते हैं।

मोनालिस ने आज अपने इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में मोनालिसा ने स्विमिंग पुल में जमकर पोज देती नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में मोनालिसा ने लाल रंग की मोनोकिनी पहली हुई हैं। मोनालिसा ने स्विमिंग में जमकर मस्ती की। मोनालिसा की इन तस्वीरों को उनके फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।ग्लैमर की दुनिया का बड़ा नाम मोनालिसा को आज भला कौन नहीं जानता है। एक्ट्रेस आए दिन अपनी बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं।सोशल मीडिया पर अपने हुस्न की बेबाकी का तड़का लगाने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा ने हाल ही में अपनी तस्वीरें इंस्टा अकाउंट पर पोस्ट की हैं।बता दें कि मोनालिसा जब भी अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं तो वो कुछ ही मिनटों में वायरल होने लग जाती हैं।एक्ट्रेस आए दिन अपनी फोटोज और वीडियोज के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में बनी रहती हैं। बता दें कि मोनालिसा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं उनकी इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है।

## द केरल स्टोरी 2 ने 14वें दिन भी काटा बवाल, सनी देओल की बॉर्डर 2 को पछाड़ बना डाला इतना बड़ा रिकॉर्ड, अस्सी का बहुत बुरा हाल




द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से लगातार अच्छा परफॉर्म कर रही है. हालांकि यह अपनी पिछली फिल्म द केरल स्टोरी जितनी सफल नहीं रही, जिसने वर्ल्डवाइड 300 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी, फिर भी यह सीक्वल दूसरे हफ्ते में भी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कायमाब रही और इसकी कमाई भी ठीक ठाक हुई है. जानते हैं द केरल स्टोरी 2 ने रिलीज के 14वें दिन कितना कलेक्शन किया है उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया स्टारर फिल्म द केरल स्टोरी 2 ने सिनेमाघरों में रिलीज के दो हफ्ते सक्सेसफुली पूरे कर लिए हैं. इस दौरान इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ठीक परफॉर्म किया है. जहां इसने पहले हफ्ते में 22.9 करोड़ की कमाई की तो वहीं 8वें दिन 2.7 करोड़, 9वें दिन 3.75 करोड़, 10वें दिन 3.3 करोड़, 11वें दिन 1.95 करोड़ और 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को इतने फिर बढ़त दिखाते हुए 2.15 करोड़ कमाए. इसके दूसरे बुधवार, यानी 13वें दिन, उम्मीद के मुताबिक इसके कलेक्शन में गिरावट आई और इसकी काई 1.59 करोड़ रुपये रही.

वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक रिलीज के 14वें दिन इस फिल्म ने 1.32 करोड़ कमाए हैं. इसी के साथ द केरल स्टोरी 2 की 14 दिनों की कुल कमाई अब 39.96 करोड़ रुपये हो गई है. वहीं इसका ग्रॉस कलेक्शन 45.12 करोड़ रुपये हुआ है.

द केरल स्टोरी 2 ने अपने दो हफ्तों में न केवल अपने बजट से ज्यादा कमाई कर मेकर्स की तिजोरियां नोटों से भर दी हैं. वहीं इसने एक बड़ा कमाल भी कर दिखाया है. दरअसल द केरल स्टोरी 2 28 करोड़ के बजट में बनी थी. इस लागत के मुकाबले इसने अब तक 39.96 करोड़ की नेट कमाई कर ली है, जिससे इसके इनवेस्टमेंट पर रिटर्न (आरओआई) 11 करोड़ रुपये के करीब है. यानी ये 37 फीसदी से ज्यादा मुनाफा कमा चुकी है. इसी के साथ, द केरल स्टोरी 2 ने 275 करोड़ के बजट में बनी बॉर्डर 2 के 31.72 फीसदी के मुनाफे को मात दे दी है. इसी के साथ ये साल 2026 की सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली बॉलीवुड फिल्म बन गई है.सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'अस्सी' का कलेक्शन रिलीज के 21वें दिन सिर्फ 8 लाख रुपये हुआ। जबकि बुधवार को इस फिल्म ने 10 लाख रुपये ही कमाए थे। 'अस्सी' का कुल कलेक्शन भी अब तक 10.78 करोड़ रुपये हो चुका है। तापसी पन्नू स्टारर इस फिल्म का कलेक्शन लाखों में सिमट गया है। फिल्म संवेदनशील विषय पर होने के बावजूद दर्शकों को पसंद नहीं आई है।

फिल्म 'ओ रोमियो' को रिलीज हुए 28 दिन हो चुके हैं। शाहिद कपूर की इस फिल्म ने गुरुवार को 28 लाख रुपये कमाए हैं। जबकि बुधवार को इसका कलेक्शन 27 लाख रुपये था। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 71.30 करोड़ रुपये हुआ है। उम्दा स्टार कास्ट होने के बावजूद यह फिल्म दर्शकों को पसंद नहीं आई है। इतना लंबा वक्त थिएटर में रहने के बावजूद यह फिल्म 100 करोड़ क्लब में शामिल नहीं हो सकी है।

## अनन्या पांडे ने शेयर की अपने रिलेशनशिप की मुश्किलें, बोलीं - खुद को हमेशा कमतर समझा...



अनन्या पांडे ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में पुराने रिलेशनशिप, उससे जुड़ी उम्मीदें और अपने निजी जीवन के बारे में काफी कुछ बताया। एक्ट्रेस ने खुद के जीवन जीने के तरीकों में बदलाव की बात भी कही।

अनन्या पांडे अपने दोस्तों और फैमिली के साथ काफी समय बिताती हैं। अपने इंटरव्यू में अनन्या ने अपने अतीत और निजी जीवन के नजरिए के बारे में काफी कुछ शेयर किया।एक्ट्रेस ने कहा, मुझे अकेले रहने में काफी परेशानी होती है। मैं हर वक्त परिवार और दोस्तों से घिरे रहना पसंद करती हूं। मगर कुछ समय बाद मुझे अकेले रहने का महात्व समझ आया। ऐसा करने से मैंने अपने जीवन में एक बदलाव महसूस किया। मुझे रिश्तों पर दोबारा सोचने का समय मिला।एक्ट्रेस ने बातचीत में आगे बताया कि उनके पिछले रिश्ते से उन्होंने काफी सबक लिए। इस रिश्ते ने उनके आत्म-सम्मान पर भी काफी प्रभाव डाला। जब वो इस रिश्ते में थी तो उन्होंने खुद को हमेशा कमतर समझा।अनन्या ने कहा कि वह हमेशा यह चाहती थीं कि सामने वाले की अहमियत उनसे ज्यादा हो। जिस वजह से वह उस व्यक्ति के हिसाब से खुद को बदल लेती थीं। मगर अब वो अपने अंदर एक अलग बदलाव लेकर आई हैं। एक्ट्रेस की आखिरी फिल्म तू मेरी मैं तेरा.. बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी। फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन भी नजर आए थे। अब अनन्या की दूसरी फिल्म धर्मा प्रोडक्शन की रोमांटिक ड्रामा चांद मेरा दिल रिलीज होगी। यह फिल्म 8 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## धुरंधर 2 का एडवांस बुकिंग में डंका, रिलीज से पहले विदेशों तक मचाई धूम



रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर 2: द रिवेंज अपनी एडवांस बुकिंग में जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है। एक ओर, फिल्म भारत में प्रीव्यू शो के लिए टिकटों की धड़ाधड़ बिक्री कर रही है। दूसरी तरफ अमेरिका और कनाडा में यह कमाई के जरिए पहले ही रिकॉर्ड तोड़ रही है। इन सब की बदौलत रणवीर की फिल्म ने रिलीज से पहले ही बॉक्स ऑफिस पर 60 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार करते हुए निर्माताओं की झोली भर दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, धुरंधर 2 ने भारत में प्रिव्यू शो के लिए 13 मार्च की सुबह तक 4.7 लाख टिकटों की बिक्री कर ली। इसी के साथ कमाई 24.4 करोड़ के पार पहुंच गई है। आंकड़ा दर्शाता है कि धुरंधर 2 किसी भारतीय फिल्म का सबसे बड़ा प्रीमियर बनने जा रही है। यह पवन कल्याण अभिनीत दे कॉल हिम ओजी (रिलीज 2025) द्वारा प्रिव्यू शो में बनाए गए रिकॉर्ड 25 करोड़ को तोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, धुरंधर 2 ने उत्तरी अमेरिका में ओपनिंग डे के लिए लगभग 27.7 करोड़ कमा लिए हैं। इसमें केवल प्रीमियर शोज के लिए नॉर्थ अमेरिका में करीब 9.24 करोड़ की एडवांस बुकिंग हुई।

## सिनेमाघरों में गदर काटने के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देगी बॉर्डर 2, 20 मार्च से नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम

सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और वरुण धवन अभिनीत फिल्म बॉर्डर 2 ने सिनेमाघरों में गर्दा उड़ा दिया। दर्शक इस फिल्म की ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। उनका यह इंतजार जल्द पूरा हो सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। फिल्म बॉर्डर 2 23 जनवरी 2026 को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब करीब दो महीने बाद यह ओटीटी पर आ रही है। ओटीटी प्ले की रिपोर्ट के मुताबिक बॉर्डर 2 फिल्म 20 मार्च, 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। थिएटर्स के बाद दर्शक अब घर बैठे इसका लुत्फ उठा सकते हैं। हालांकि, मेकर्स की तरफ से अभी इसकी पुष्टि होना बाकी है। फिल्म बॉर्डर 2 ने थिएटर्स में धमाकेदार प्रदर्शन किया। न सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर, बल्कि वर्ल्डवाइड भी इसने शानदार प्रदर्शन किया। उम्मीद है कि ओटीटी पर भी इसे दर्शकों से शानदार रिएक्शन मिल सकते हैं। अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी फिल्म बॉर्डर 2 साल 1971 के दौरान भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध की सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। इसे भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।फिल्म बॉर्डर 2 साल 1997 में आई जेपी दत्ता द्वारा निर्देशित बॉर्डर का सीक्वल है। सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक फिल्म बॉर्डर 2 ने वर्ल्डवाइड 449.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन जुटाया। फिल्म में सोनम बाजवा, मेधा राणा, मोना सिंह और आन्या सिंह भी अहम भूमिकाओं में हैं। सनी देओल के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी आगामी फिल्म लाहौर 1947 है। इसके अलावा वे रणबीर कपूर अभिनीत रामायण पार्ट 1 में भी नजर आएंगे। फिल्म इक्का भी उनकी झोली में है, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

## वरलक्ष्मी सरथकुमार की फिल्म सरस्वती में प्रकाश राज की एंट्री, किरदार के नाम से भी हटा पर्दा

वरलक्ष्मी सरथकुमार अपने गहन और दिलचस्प अभिनय के लिए जानी जाती हैं। अब वह सरस्वती नाम की फिल्म से निर्देशक के रूप में डेब्यू कर रही हैं।

फिल्म तेज़ी से आगे बढ़ रही है और अब यह बात सामने आ रही है कि प्रकाश राज इसमें एक अहम भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म बनाने वालों ने प्रकाश राज के किरदार के बारे में जानकारी दी है और पता चला है कि वह वकील रामानुजम का किरदार निभाएंगे।

फिल्म को प्रोड्यूस करने वाले प्रोडक्शन हाउस डोसा डायरीज़ ने एक प्रोमो जारी किया, जिसमें फिल्म के सेट पर प्रकाश राज के BTS (शूटिंग के दौरान के) क्लिप्स दिखाए गए हैं। उन्होंने लिखा, हमारे रामानुजम बनने के लिए प्रकाश राज सर, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।




सरस्वती का पहला लुक अब सामने आ गया है। इसे वरुसारथ ने डायरेक्ट किया है।

वरलक्ष्मी सरथकुमार ने पोस्ट किया, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया सर!!! आपके साथ काम करना हमारे लिए बेहद खुशी की बात थी।उन्होंने कहा था, यह साल मेरे लिए बहुत ही ज़बरदस्त रहा... मेरी पहली डायरेक्टोरियल फिल्म सरस्वती... हमने एक महीने पहले इसकी शूटिंग शुरू की थी और अब सरस्वती की शूटिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने आगे कहा, इस शानदार सफर का हिस्सा बनने वाले हर एक इंसान का मैं शुक्रिया अदा करती हूँ। मेरे सभी एक्टर्स... टीम के सदस्य... लाइटमैन से लेकर प्रोडक्शन में काम करने वाली अम्मा तक, सभी का शुक्रिया। मैं आप सभी की बहुत आभारी हूँ। अभी तो और भी बहुत कुछ करना बाकी है। और भी बहुत कुछ कहना है... जल्द ही... आप सभी को आने वाले नए साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ।

## मोच को जल्द ठीक करने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके, रातभर में आ जाएगा आराम



मोच एक आम समस्या है, जो किसी भी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकती है। यह अक्सर दौड़ते या चलते समय गलत कदम रखने या फिसलने आदि से होती है। मोच आने पर एड़ी में दर्द, सूजन और असुविधा होती है, जिससे रोजमर्रा की गतिविधियों में परेशानी होती है। इस लेख में हम आपको कुछ सरल और असरदार घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिनसे आप अपनी मुड़ी एड़ी को रातभर में ठीक कर सकते हैं।

### बर्फ का उपयोग करें

बर्फ का उपयोग मोच के दर्द और सूजन को कम करने में मदद कर सकता है। इसके लिए एक कप पानी में कुछ बर्फ के टुकड़े डालकर उसमें एक साफ कपड़ा भिगोएं और इसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। 15-20 मिनट तक इस प्रक्रिया को दोहराएं। इससे रक्त का प्रवाह बढ़ता है और सूजन कम होती है। इस उपाय को दिन में 2-3 बार अपनाएं और आराम महसूस करने तक इसे जारी रखें।

### हल्दी का पेस्ट लगाएं

हल्दी में प्राकृतिक रूप से सूजन कम करने वाले तत्व होते हैं। इससे आपकी एड़ी जल्दी ठीक हो सकती है। एक चम्मच हल्दी पाउडर को पानी या दूध में मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बनाएं और इसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। 30 मिनट तक सूखने दें, फिर गुनगुने पानी से धो लें। इस प्रक्रिया को दिन में दो बार दोहराएं। इससे दर्द और सूजन में कमी आएगी और मोच के कारण मुड़ी एड़ी जल्दी ठीक होगी।

### अदरक का रस लगाएं

अदरक में ऐसे तत्व होते हैं, जो दर्द को कम करने में सहायक होते हैं। अदरक का रस निकालकर उसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 15-20 मिनट तक इसे छोड़ दें, फिर साफ पानी से धो लें। अदरक का रस लगाने से रक्त का प्रवाह बढ़ता है और सूजन कम होती है, जिससे दर्द में राहत मिलती है। इस प्रक्रिया को दिन में 2-3 बार दोहराएं ताकि आपको जल्दी आराम मिले।

### एलोवेरा जेल लगाएं

एलोवेरा जेल प्राकृतिक रूप से ठंडक प्रदान करता है और त्वचा को आराम पहुंचाता है। एक ताजे एलोवेरा पत्ते से जेल निकालें और उसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं, फिर हल्के हाथों से मालिश करें। 30 मिनट तक सूखने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें। इस प्रक्रिया को दिन में 2 बार दोहराएं ताकि आपको जल्दी आराम मिले और दर्द और सूजन में कमी आए। एलोवेरा जेल लगाने से आपकी एड़ी को राहत मिलेगी।

### सेंधा नमक का स्नान करें

सेंधा नमक में ऐसे तत्व होते हैं, जो मांसपेशियों को आराम पहुंचाते हैं और सूजन कम करते हैं। एक टब या बाल्टी में गुनगुना पानी भरें, उसमें आधा कप सेंधा नमक मिलाएं, फिर उसमें पैर डालकर बैठ जाएं। 15-20 मिनट तक पैरों को भिगोए रखें, इससे दर्द और सूजन दोनों कम होंगे। इन घरेलू नुस्खों का नियमित उपयोग आपकी एड़ी को जल्द ठीक करने में मदद करेगा और आपको आराम पहुंचाएगा।

## जिम जाने वाले लोग नाश्ते में खा सकते हैं ये हाई प्रोटीन व्यंजन, आसान है बनाना

**जिन लोगों को जिम जाने का शौक होता है, वे अपनी डाइट का खास ख्याल रखते हैं। हालांकि, कई लोग सुबह के समय ज्यादा खाने से कतराते हैं, लेकिन नाश्ते में हाई प्रोटीन वाले व्यंजनों को शामिल करना उनके लिए जरूरी है। इससे न केवल उनकी मांसपेशियों को मजबूती मिलेगी, बल्कि शरीर को भरपूर ऊर्जा भी मिलेगी। आइए आज हम आपको ऐसे नाश्ते की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें बनाना काफी आसान है और ये स्वादिष्ट भी हैं।**

### मूंग दाल का चीला

मूंग दाल का चीला भी एक स्वादिष्ट और सेहतमंद नाश्ता है, जिसे आप आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले मूंग दाल को रातभर पानी में भिगोकर रख दें, फिर सुबह इसे दरदरा पीस लें। अब इस पेस्ट में नमक, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर और बारीक कटी हुई सब्जियां मिलाएं। एक तवे पर थोड़ा-सा तेल गर्म करके इसमें तैयार मिश्रण फैलाएं और दोनों तरफ से सुनहरा होने तक पकाएं। इसे हरी चटनी या टोमैटो सॉस के साथ परोसें।

### सोया चंक्स उपमा

सोया चंक्स उपमा एक सेहतमंद और प्रोटीन से भरपूर विकल्प है, जिसे आप अपने नाश्ते में शामिल कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले सोया चंक्स को गर्म पानी में भिगोकर नरम कर लें, फिर इन्हें निचोड़कर अलग रख दें। अब एक कढ़ाई में तेल गर्म करके उसमें राई, उड़द दाल, मूंगफली डालें और भूनें। इसके बाद प्याज, हरी मिर्च, करी पत्ते डालकर भूनें। अंत में सोया चंक्स मिलाकर इसे गर्मागर्म परोसें।



### छोले की टिक्की

छोले की टिक्की बनाने के लिए सबसे पहले छोले को रातभर पानी में भिगोकर पका लें। अब इन्हें मिक्सी में पीस लें, फिर इसमें बारीक कटी हुई प्याज, हरी मिर्च, धनिया पत्ती, अदरक-लहसुन का पेस्ट, नमक, लाल मिर्च पाउडर और गरम मसाला मिलाकर टिक्की बनाएं। अब एक तवे पर तेल गर्म करके इन टिक्कियों को दोनों तरफ से सुनहरा होने तक सेंक लें। इन्हें हरी चटनी या टोमैटो सॉस के साथ परोसें।

### क्विनोआ उपमा

क्विनोआ एक खास अनाज है, जिसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन मौजूद होती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले क्विनोआ को धोकर भिगो दें, फिर इसे उबाल लें।

अब एक कढ़ाई में तेल गर्म करें और उसमें राई, उड़द दाल, मूंगफली डालें और भूनें। इसके बाद प्याज, हरी मिर्च, करी पत्ते डालकर भूनें। अंत में क्विनोआ मिलाकर इसे गर्मागर्म परोसें। इन व्यंजनों को बनाना आसान है और ये आपके नाश्ते को पौष्टिक बनाने में मदद करेंगे।

# सऊदी अरब में अमेरिकी बेस पर ईरान के ताबड़तोड़ हमले, दागीं मिसाइलें; वायुसेना के 5 रिफ्यूलिंग विमान तबाह



रियाद/तेहरान (ए) । पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच जारी हमलों और जवाबी कार्रवाई के कारण पूरे क्षेत्र में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। मिसाइलों और ड्रोन हमलों के बीच यह संघर्ष अब 15वें दिन में प्रवेश कर चुका है और हालात बेहद गंभीर बने हुए हैं। इसी बीच सऊदी अरब से एक बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि ईरान ने सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी एयरबेस पर हमला किया, जिसमें अमेरिकी वायुसेना के कई विमान क्षतिग्रस्त हो गए। रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस को भी निशाना बनाया और वहां बमबारी की। इन हमलों में वहां खड़े अमेरिकी वायुसेना के पांच रिफ्यूलिंग विमान क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि सूत्रों के मुताबिक विमान पूरी तरह नष्ट नहीं हुए हैं और उन्हें मरम्मत के लिए भेज दिया गया है। इस हमले में किसी के घायल होने या मौत की खबर नहीं है।इससे पहले पश्चिमी इराक में अमेरिकी वायुसेना का एक केसी-135 स्ट्रैटोटैंकरविमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सवार सभी छह क्रू मेंबर की मौत हो गई थी। इसके अलावा 1 मार्च को कुवैत में अमेरिकी वायुसेना के तीन एफ-15 ईगल लड़ाकू विमान फ्रेंडली फायर की घटना में गिर गए थे। हालांकि इन विमानों के सभी एयरक्रू सुरक्षित बच गए। रिपोर्ट्स के अनुसार कुवैत के एक एफ/ए-18 हॉरनेट विमान ने गलती से इन एफ-15 विमानों को निशाना बना दिया था। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया पिछले 15 दिनों से बारूद के ढेर पर खड़ा है। इसकी शुरुआत 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर किए गए हमलों से हुई थी। इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आई थी। इसके बाद से ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर हमले तेज कर दिए हैं। इसके चलते पूरे पश्चिम एशिया में तनाव सातवें आसमान पर पहुंच गया है और इसका असर वैश्विक स्तर पर भी देखा जा रहा है।

## अमेरिका ने मोजतबा खामेनेई पर रखा 84 करोड़ का इनाम, युद्धपोत भी किया रवाना

वॉशिंगटन(ए.)। पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव के बीच अमेरिका ने ईरान के नए शीर्ष नेतृत्व को सीधे निशाने पर ले लिया है। एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस कार्यक्रम के तहत ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई समेत शासन के कई प्रमुख स्तंभों पर 10 मिलियन डॉलर (लगभग 84 करोड़ रुपये) तक के इनाम की घोषणा की है। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका लगभग 2,500 मरीन सैनिकों की एक नई टुकड़ी और युद्धपोत यूएसएस त्रिपोली को क्षेत्र की ओर रवाना कर रहा है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, 31वीं मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट की तैनाती से इलाके में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति में भारी वृद्धि होगी।अमेरिकी नोटिस में विशेष रूप से उन अधिकारियों को लक्षित किया गया है जो ईरान की सत्ता और सैन्य तंत्र में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं।

## ईरान के गर्ल्स स्कूल पर हमले को लेकर घिरे ट्रंप, डेमोक्रेटिक सीनेटर्स का सवाल-क्या टारगेट चुनते समय AI का इस्तेमाल हुआ

वाशिंगटन (ए.)। ईरान में एक गर्ल्स एलिमेंट्री स्कूल पर अमेरिकी हमले का मामला अमेरिका की संसद में बहस का विषय बन गया है। अमेरिकी कांग्रेस के डेमोक्रेटिक सीनेटर्स ने इस मामले में पेंटागन से जवाब मांगा है और घटना की पूरी जांच की मांग की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस हमले में कम से कम 175 लोगों की मौत हुई, जिनमें बड़ी संख्या में छात्राएं थीं।28 फरवरी को ईरान के मिनाब शहर में यह हमला 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के दौरान हुआ था। इस दौरान शाजारेह तैय्येबेह गर्ल्स एलिमेंट्री स्कूल को निशाना बनाया गया, जहां बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद थीं। न्यू मैक्सिको के प्रतिनिधि गैब वास्केज ने अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को एक पत्र लिखकर इस मामले में विस्तृत जानकारी मांगी है। उन्होंने पूछा है कि अमेरिकी सेना नागरिकों को नुकसान से बचाने और ऐसी घटनाओं के बाद प्रतिक्रिया देने के लिए क्या कदम उठा रही है।



## अमेरिका में U-VISA पाने के लिए फर्जी डकैती का आरोप, FBI ने किया 11 भारतीयों को गिरफ्तार

वाशिंगटन (ए)। अमेरिका में 11 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इन पर आरोप है कि उन्होंने इमिग्रेशन से जुड़े फायदे हासिल करने के लिए नकली हथियारबंद डकैतियों की साजिश रची। मैसाचुसेट्स के बोस्टन में तैनात फेडरल एजेंट्स के मुताबिक, इस समूह ने अलग-अलग दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में नकली डकैती की घटनाओं को अंजाम दिया। आरोप है कि इन घटनाओं को इस तरह अंजाम दिया गया ताकि वहां काम करने वाले कर्मचारी खुद को अपराध का शिकार बता सकें और एक विशेष तरह के वीजा के लिए पात्र बन सकें।




अमेरिका में 'यू-वीजा' उन लोगों को दिया जाता है जो किसी गंभीर अपराध के शिकार हुए हों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों की जांच में सहयोग करते हों। जांच एजेंसियों के अनुसार, आरोपियों ने सुविधा स्टोर, शराब की दुकानों और फास्ट-फूड रेस्टोरेंट में कम से कम छह नकली डकैतियों की साजिश रची।फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) का कहना है कि पूरी घटना को बेहद योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया। योजना के तहत एक व्यक्ति नकली डकैत की भूमिका निभाता था और हाथ में बंदूक जैसी दिखने वाली वस्तु लेकर दुकान में घुसता था। वह काउंटर से नकदी लेकर वहां से भाग जाता था। एफबीआई के अनुसार साजिश का एक अहम हिस्सा यह भी था कि डकैती की पूरी घटना दुकान में लगे 'सीसीटीवी कैमरों' में रिकॉर्ड हो जाए, ताकि घटना वास्तविक लगे। जांच में यह भी सामने आया कि नकली डकैती के बाद दुकान में मौजूद लोग तुरंत पुलिस को सूचना नहीं देते थे। वे जानबूझकर करीब पांच मिनट या उससे अधिक इंतजार करते थे और उसके बाद अधिकारियों को सूचना देते थे, जिससे डकैती करने वाला व्यक्ति आसानी से भाग सके और घटना अधिक वास्तविक लगे।एफबीआई का आरोप है कि इन नकली डकैतियों में शामिल होने के लिए लोग पैसे देते थे, ताकि वे खुद को झूठे तौर पर अपराध का शिकार बताकर यू-वीजा हासिल कर सकें।

## 'हम युद्ध नहीं चाहते, वैश्विक नेताओं की जिम्मेवारी वे जंग रुकवाए', ईरान के प्रतिनिधि ने कही बात

रियाद/तेहरान (ए) । पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत में ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि ईरान युद्ध नहीं चाहता था और मौजूदा संघर्ष की शुरुआत उस समय हुई जब ईरान बातचीत के जरिए समाधान तलाशने की कोशिश कर रहा था।एक निजी समाचार एजेंसी से बातचीत में इलाही ने कहा कि क्षेत्र में पैदा हुए हालात के लिए ईरान जिम्मेदार नहीं है। उनके मुताबिक, जब वार्ता जारी थी तभी उन पर हमला किया गया, जिसके बाद हालात युद्ध की स्थिति में पहुंच गए। इलाही ने कहा कि ईरान कभी भी लोगों की पीड़ा, या गैस-पेट्रोल और तेल की कमी जैसी स्थितियों से खुश नहीं हो सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान शांति चाहता है, लेकिन अपनी सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा करना उसका अधिकार और मजबूरी है।

### वैश्विक नेताओं से अमेरिका पर दबाव की अपील

ईरान के प्रतिनिधि ने दुनिया के नेताओं से अपील की कि वे United States पर दबाव डालें ताकि युद्ध को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि संघर्ष का सबसे अधिक असर आम लोगों पर पड़ रहा है और वैश्विक नेतृत्व की जिम्मेदारी है कि शांति बहाल करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।



### होर्मुज जलडमरूमध्य पर भारतीय जहाजों को अनुमति

भारतीय जहाजों के आवागमन को लेकर पूछे गए सवाल पर इलाही ने कहा कि Strait of Hormuz से भारतीय जहाजों के निर्बाध गुजरने में कोई बाधा नहीं होगी। उन्होंने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि ईरानी दूतावास ने कुछ भारतीय जहाजों को इस जलडमरूमध्य से सुरक्षित गुजरने में मदद करने की कोशिश भी की थी।

जवाबी हमलों पर आलोचना का दिया जवाब

ईरान द्वारा खाड़ी क्षेत्र में किए जा रहे जवाबी हमलों पर उठ रहे सवालों के बीच इलाही ने कहा कि अमेरिका ईरान से हजारों मील दूर है, लेकिन उसने ईरान के आसपास कई सैन्य ठिकाने स्थापित कर रखे हैं। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने क्षेत्र में लगभग 45 ठिकाने बनाए हुए हैं, जिनका इस्तेमाल ईरान पर हमलों के लिए किया जा रहा है। इलाही के अनुसार, युद्ध से पहले ईरान ने पड़ोसी देशों से अनुरोध किया था कि वे अपनी जमीन का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ न होने दें।

इलाही ने आरोप लगाया कि बहरीन से दागी गई मिसाइलों में बड़ी संख्या में निर्दोष लोग मारे गए। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में ईरान के पास अपनी सुरक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। उन्होंने दोहराया कि ईरान का उद्देश्य युद्ध नहीं, बल्कि अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करना और क्षेत्र में स्थिरता

## समझौता कर फंसा पाकिस्तान, ईरान के खिलाफ जंग में देगा सऊदी अरब का साथ!

### पीएम शहबाज पहुंचे जेद्दा, क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से की मुलाकात

रियाद,(ए.)। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के बीच सऊदी अरब और पाकिस्तान में तनाव बढ़ गया है। रिपोर्टों से पता चलता है कि सऊदी अरब पाकिस्तान से नाराज है और उसके बुलावे पर पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ जेद्दा पहुंचे। गुरुवार को शहबाज ने सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की थी। इसके पहले पिछले सप्ताह पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर भी सऊदी गए थे।

बताया जा रहा है कि इन मुलाकातों से पाकिस्तान और ईरान के रिश्तों के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती हैं, क्योंकि ईरानी हमलों को रोकने के लिए रियाद ने इस्लामाबाद से सक्रिय समर्थन की मांग की है। सऊदी अरब और पाकिस्तान ने पिछले साल एक ऐतिहासिक समझौता किया था, जिसके मुताबिक किसी एक देश पर हमला दूसरे पर हमला माना जाएगा। अमेरिका-इजराइल के हमले के जवाब में ईरान ने सऊदी अरब समेत खाड़ी देशों में लगातार मिसाइल और ड्रोन दाग रहा है।

# खेल समाचार

## द हड्रेडः पाकिस्तान के अबरार अहमद को काव्या मारन की सनराइजर्स लीड्स ने खरीदा, विवाद शुरु

नईदिल्ली (आरएनएस)। इंग्लैंड में खेले जाने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट द हंड्रेड में काव्या मारन की टीम सनराइजर्स लीड्स ने नीलामी में पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद को अपनी टीम में शामिल किया है। इससे पहले दुनिया की बड़ी टी-20 लीगों में भारतीय टीम मालिक पाकिस्तानी खिलाड़ियों को अपनी टीम में लेने से बचते रहे हैं। अब अबरार को सनराइजर्स ने 1.90 लाख पाउंड (करीब 2.34 करोड़ रुपये) में खरीदा है जिससे भारतीय फैंस नाराजगी जता रहे हैं।

सोशल मीडिया पर भारतीय फैंस सनराइजर्स ग्रुप और काव्या के खिलाफ अपना गुस्सा व्यक्त कर रहे हैं। अबरार की बात करें तो वे हाल ही में हुए टी-20 विश्व कप 2026 में पाकिस्तान की टीम का हिस्सा रहे थे। उन्होंने 4 मैचों में 6 विकेट लिए थे। द हंड्रेड में वह पहली बार यूरोप में कोई लीग खेलेंगे। वह इससे पहले पाकिस्तान सुपर लीग, बांग्लादेश प्रीमियर लीग और मेजर लीग क्रिकेट का हिस्सा रह चुके हैं।

सनराइजर्स लीड्स पूरी तरह भारत के मीडिया समूह सन ग्रुप के स्वामित्व में है, जिसका नेतृत्व कलानिधि मारन और उनकी बेटी काव्या करती हैं। इस फ्रेंचाइजी का पहले नाम नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स था, जिसे इस साल भारतीय कंपनी ने अपने नियंत्रण में ले लिया। द हंड्रेड में भारतीय कंपनियों के टीम खरीदने के बाद यह चर्चा तेज थी कि नीलामी में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को शायद मौका नहीं मिलेगा, जैसा कि आईपीएल और एसए-20 लीग में देखने को मिलता है।

## बांग्लादेश बनाम पाकिस्तानः दूसरे वनडे में बवाल, विवादित तरीके से आउट होने पर भड़के सलमान आघा

नईदिल्ली(आरएनएस)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच दूसरे वनडे मुकाबले के दौरान बड़ा विवाद देखने को मिला। पाकिस्तान के बल्लेबाज सलमान आघा रन आउट हो गए, जिसके बाद मैदान पर हलचल मच गई। वह हेलमेट को फेंकते हुए और विपक्षी टीम पर चिल्लाते हुए नजर आए। मेहदी हसन मिराज ने उन्हें ऐसे रन आउट किया जो आमतौर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में देखने को नहीं मिलता। अब एक बार फिर खेल भावना को लेकर बहस छिड़ गई है।

पारी के 39वें ओवर की चौथी गेंद पर मोहम्मद रिजवान ने सीधा खेलने का प्रयास किया। गेंद सलमान के पास जाकर रुकी और वह उस समय क्रीज से बाहर थे। सलमान ने खुद गेंद को उठाकर मेहदी को देने का प्रयास किया, लेकिन उससे पहले ही मेहदी ने गेंद को पकड़कर विकेट पर थ्रो कर दिया और रनआउट की अपील कर दी। सलमान काफी गुस्से में नजर आए। फैसला थर्ड अंपायर के पास गया, जहां वह आउट करार दिए गए।

## पाकिस्तान सुपर लीग छोड़ कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा बने ब्लेसिंग मुजारबानी

नईदिल्ली,(आरएनएस)। क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 से अपना नाम वापस ले लिया है। मोती लाहौर कलंदर्स और मुजारबानी इस्लामाबाद यूनाइटेड की टीम का हिस्सा थे। मोती हाल ही में भारत से अपने देश लौटने में सफल हुए हैं। वेस्टइंडीज टीम पश्चिम एशिया संकट के कारण कोलकाता में फंस गई थी। मुजारबानी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में केकेआर की टीम का हिस्सा बन गए हैं।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर कर दिया था। उन्हें केकेआर ने 9.2 करोड़ रुपये में खरीदा था। अब रहमान की जगह मुजारबानी टीम का हिस्सा बन गए हैं। केकेआर ने सोशल मीडिया पर इसकी आधिकारिक घोषणा भी कर दी है।

## आईपीएल 2026 से पहले आरसीबी को झटका, जोश हेजलवुड का पहला मैच खेलना मुश्किल

नई दिल्ली (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन के पहले चरण का शेड्यूल जारी हो चुका है और टूर्नामेंट की शुरुआत 28 मार्च से होने जा रही है। उद्घाटन मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। हालांकि सीजन शुरू होने से पहले आरसीबी को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि टीम के स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड अभी भी चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। ऐसे में उनका पहले मुकाबले में खेलना लगभग नामुमकिन माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि हेजलवुड को अभी तक टीम के फिजियो की ओर से मैदान पर उतरने की अनुमति नहीं मिली है। पिछले कुछ महीनों से वह लगातार चोटों से जूझ रहे हैं और फिलहाल रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया में हैं। इसी वजह से उनके शुरुआती कुछ मुकाबलों से भी बाहर रहने की संभावना जताई जा रही है।

गौरतलब है कि हेजलवुड ने नवंबर में न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया के बीच खेले गए शेफील्ड शील्ड मैच के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है। इसके बाद उन्हें 2025-26 की द एशेज सीरीज से भी बाहर कर दिया गया था। बाद में उन्हें आईसीसी टी20 विश्वकप 2026 के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया, लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने से ठीक पहले उन्हें पिंडली में चोट लग गई, जिसके कारण वह आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच से भी बाहर हो गए। हेजलवुड की अनुपस्थिति में टीम में बदलाव भी देखने को मिला। ऑस्ट्रेलियाई टीम में उनकी जगह स्टीव स्मिथ को शामिल किया गया था, हालांकि उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिल सके। टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया का प्रदर्शन भी उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा और टीम ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई।



कुल मिलाकर पिछले कुछ महीनों में हेजलवुड हैमस्ट्रिंग, अकिलीज और पिंडली की समस्याओं से परेशान रहे हैं। यही वजह है कि उनकी फिटनेस को लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है। फिलहाल वह फिजियो की निगरानी में हैं और आईपीएल में उनकी वापसी इस बात पर निर्भर करेगी कि उन्हें मेडिकल टीम से कब हरी झंडी मिलती है। रिपोर्ट के मुताबिक आरसीबी के लिए हेजलवुड की मौजूदगी बेहद अहम मानी जा रही है। फ्रेंचाइजी के एक सूत्र ने बताया कि पिछले सीजन में टीम की ऐतिहासिक पहली आईपीएल ट्रॉफी जीत में हेजलवुड की गेंदबाजी का बड़ा योगदान था।

हालांकि टीम के पास विदेशी तेज गेंदबाजों के रूप में जैकब डफी और जैकब डफी जैसे विकल्प मौजूद हैं, लेकिन अनुभव और प्रभाव के मामले में हेजलवुड की भूमिका अलग ही मानी जाती है। ऐसे में आरसीबी को उम्मीद है कि वह जल्द फिट होकर टीम से जुड़ पाएंगे।

## विदेशी खिलाड़ियों से मजबूत दिख रही आरसीबी : कुंबले

### आईपीएल 2026 से पहले अनिल कुंबले का विश्लेषण

नई दिल्ली (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत में अब ज्यादा समय नहीं बचा है और इससे पहले क्रिकेट विशेषज्ञ अलग-अलग टीमों का विश्लेषण करने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर बैंगलुरु की टीम का आकलन किया है। उन्होंने कहा कि आरसीबी की ताकत उसके विदेशी खिलाड़ी हैं, जो टीम को काफी मजबूत बनाते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि प्लेइंग इलेवन तय करना टीम मैनेजमेंट और कप्तान के लिए आसान नहीं होगा। रजत पाटीदार की अगुवाई वाली आरसीबी 28 मार्च को सनराईज हैदराबाद के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।



कुंबले के मुताबिक आरसीबी के लिए यह बेहद जरूरी होगा कि वह अपने विदेशी खिलाड़ियों का सही संयोजन बनाए। उन्होंने खास तौर पर रोमारिया शैपर्ड और टिम डेविड को एक साथ प्लेइंग इलेवन में शामिल करने की सलाह दी। कुंबले का मानना है कि ये दोनों खिलाड़ी निचले क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी कर मैच को शानदार तरीके से फिनिश करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह जोड़ी एक साथ मैदान पर उतरती है तो आरसीबी की बल्लेबाजी और भी खतरनाक हो सकती है।

## सौरव गांगुली की चेतावनी, बोले- 2027 वनडे वर्ल्ड कप में होगी असली परीक्षा

नई दिल्ली (ए.)। हाल ही में टीम इंडिया ने कप्तान सूर्यकुमार यादव और मुख्य कोच गौतम गंभीर की अगुवाई में आईसीसी टी20 विश्वकप 2026 का खिताब जीतकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस जीत के साथ गौतम गंभीर ऐसे पहले भारतीय कोच बन गए हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल में टीम को आईसीसी चैम्पियन ट्राफी और टी20 विश्व कप दोनों का खिताब दिलाया है। हालांकि इस ऐतिहासिक सफलता के बाद पूर्व भारतीय कप्तान सौरभ गांगुली ने टीम को सतर्क रहने की सलाह दी है और कहा है कि असली चुनौती अभी बाकी है। एक इंटरव्यू में गांगुली ने कहा कि सफेद गेंद के क्रिकेट में भारतीय टीम की असली परीक्षा 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप में होगी। यह टूर्नामेंट दक्षिण अफ्रीका में खेला जाएगा और वहां की परिस्थितियां टीम और कोच दोनों की क्षमता की कड़ी परीक्षा लेंगी। गांगुली का मानना है कि मौजूदा भारतीय टीम मजबूत है और उसके पास प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की भरमार है, इसलिए अगर टीम सही दिशा में आगे बढ़ती है तो वह इस चुनौती में भी सफल हो सकती है।



गांगुली ने यह भी कहा कि सीमित ओवरों के क्रिकेट में सफलता मिलने के बावजूद भारतीय टीम को टेस्ट क्रिकेट में अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने की जरूरत है। उनके मुताबिक रेड बॉल क्रिकेट में टीम को विकेटों के बारे में जरूरत से ज्यादा सोचने के बजाय अपनी प्रणाली पर भरोसा करना चाहिए और बेहतर पिचों पर खेलने की मानसिकता विकसित करनी चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि घरेलू सीरीज, खासकर इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबलों में केवल टर्निंग ट्रैक तैयार करने की रणनीति से बचना चाहिए। गांगुली के अनुसार अच्छे और संतुलित विकेट बेहतर क्रिकेट को जन्म देते हैं और इससे टीम का प्रदर्शन भी मजबूत होता है। उनका मानना है कि टेस्ट क्रिकेट में निरंतर सफलता के लिए यही रास्ता सबसे सही है।

## पाकिस्तान ने दूसरे वनडे में बांग्लादेश को 128 रन से हराया, मैच में बने ये रिकॉर्ड्स

नईदिल्ली(ए.)।पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने दूसरे वनडे मुकाबले में बांग्लादेश क्रिकेट टीम को डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस) से 128 रन से हरा दिया। इसी के साथ उसने 3 मैचों की वनडे सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। बारिश के कारण दूसरी पारी 32 ओवर की हो गई थी। डीएलएस के अनुसार बांग्लादेश को इन ओवरों में 243 रन बनाने थे, लेकिन उनकी टीम 114 रन ही बना पाई। ऐसे में आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। माज सदाकत (75) और सलमान आघा (64) की शानदार पारियों के दम पर 47.3 ओवर में 274 रन बनाने में सफल रही। बांग्लादेश के लिए रिशाद हुसैन ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 23.3 ओवर में सिर्फ 114 रन पर ऑलआउट हो गई। लिटन दास ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। हारिस रऊफ और सदाकत ने 3-3 विकेट अपने नाम किए।

सदाकत ने मैच में 46 गेंदों का सामना किया और 75 रन बनाए। उनके बल्ले से 6 चौके और 5 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 163.04 की रही। ये उनके वनडे करियर का पहला ही अर्धशतक रहा। उन्होंने इसी सीरीज में अपना वनडे डेब्यू किया था। गेंदबाजी में भी इस खिलाड़ी ने कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने 5 ओवर में 23 रन देकर 3 विकेट लिए। उनकी इकॉनमी रेट 4.60 की रही।

## भाषा के माध्यम से ही विश्व स्तर पर भारतीय संस्कृति का प्रसार संभव- डॉ मिश्र

नर्मदापुरम(निप्र) । विश्व हिंदी सचिवालय शिक्षा एवं मानव संसाधन मंत्रालय मॉरीशस एवं भारतीय उच्चायोग मॉरीशस के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम हिन्दी में अभिव्यक्ति की अध्यक्षता प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शा.नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम् के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ कृष्ण गोपाल मिश्र ने की। उन्होंने कहा कि भाषा केवल भावों और विचारों की अभिव्यक्ति ही नहीं है वह ज्ञान परंपरा और संस्कृति के संरक्षण का साधन भी है। हिन्दी भाषा के माध्यम से ही हम विश्व स्तर पर भारतीय संस्कृति का प्रसार कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में लीबिया, दक्षिण अफ्रीका, तजाकिस्तान, यूएई और भारत वर्ष के हिन्दी विद्वानों और छात्रों ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ ऋतु शर्मा अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय हिन्दी संगठन नीदरलैंड ने किया तथा आभार हिन्दी आंदोलन परिवार महाराष्ट्र के संस्थापक अध्यक्ष संजय भारद्वाज ने व्यक्त किया गया। आभासीय पटल पर आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ नारायणराव अडलक, डॉ मनीष कटारे, प्रतीत गौर ने तकनीकी सहयोग दिया। डॉ मिश्र की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आरके चौकसे डॉ अमिता जोशी डॉ सविता गुप्ता, डॉ अंजना यादव डॉ सुभाष जाटव आदि ने बधाई दी।

# वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत में कुल 2121 प्रकरण में से 2114 प्रकरणों का निराकरण एवं 12,98,42,046 राशि का अवार्ड पारित

### 14 मार्च 2026 को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन



नर्मदापुरम(निप्र) । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्रीमति तृप्ति शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा जिला न्यायालय नर्मदापुरम सहित तहसील न्यायायालयों इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर, सिवनी मालवा में किया गया। नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन एवं शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष / प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया।नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत होने वाले प्रकरणों के निराकरण हेतु 24 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया था जिनके द्वारा न्यायालयों में रखे गये कुल लंबित प्रकरण 864 में से कुल 857 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं राशि रू. 11,24,22,433 / (ग्यारह करोड चौबीस लाख बाईस हजार चार सौ तैतीस रू.मात्र) का अवार्ड पारित किया गया। विभिन्न विभागों से संबंधित कुल प्रीलिटिगेशन 1257 प्रकरण रखे गये थे, जिसमें कुल 1257 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें राशि रू. 17419612/-(एक करोड चौहत्तर लाख उन्नीस हजार छः सौ बारह रू. मात्र) अवार्ड राशि पारित की गयी, एवं 3896 व्यक्ति लाभान्वित हुये।

न्यायाधीश / सचिव श्री विजय कुमार पाठक ने बताया कि इस लोक अदालत में समस्त न्यायालयों में लंबित कुल 857 प्रकरण निराकृत हुये है। लबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के कुल 2114 प्रकरणों का निराकरण हुआ। नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में अधिवक्तागण का सहयोग सराहनीय रहा।

## सतरस्ते के पास अवैध जीने का अवलोकन करने पहुंची सीएमओ

### मुखर्जी काम्पलेक्स के मार्ग पर लगे जीना को एक बार हटा चुकी है नपा

नर्मदापुरम (निप्र) । सतरस्ता स्थित मुखर्जी काम्पलेक्स में अवैध रूप से आवासीय परिसर में व्यवसाय करने के लिए मनमानी करते हुए मार्ग पर लोहे का जीना लगाने पर एक बार नगर पालिका के द्वारा जीना को हटा दिया गया था। उसने नगर पालिका से अनुमति चाही थी कि जीना लगाने की अनुमति दी जाए। लेकिन नगर पालिका ने 23 दिसंबर को आदेश क्रमांक 8407 के माध्यम से जीना नहीं लगाने के लिए स्वीकृति देने से लिखित में इंकार कर दिया था। उसके बाद भी दो माह तक वह निकला हुआ जीना मार्ग पर ही रख दिया गया था। उसके बाद बाद मनमानी करते हुए दोबारा जीना लगा दिया गया। जिसकी आपत्तिकर्ताओं द्वारा शिकायत जनसुनवाई में 181 पर तथा नगर पालिका को दी जाने के बाद भी नगर पालिका के द्वारा अभी तक अवैध जीने को नहीं हटाया गया। इतना जरूर है कि सीएमओ हेमेश्वरी पटले ने शनिवार को मौके पर जाकर जीने का तथा मुखर्जी काम्पलेक्स परिसर का अवलोकन किया है। सूत्रों से पता चला है कि सीएमओ ने जीना लगाने वाले को मौके पर बुलाकर स्वयं जीना हटाने के लिए कहा है। लेकिन उसने सीएमओ के कहने के बाद भी पूरे दिन जीना नहीं हटाया है। अब देखना है कि नगर पालिका अवैध कार्य को संरक्षण देगी या फिर नियमानुसार कार्रवाई करेगी?

## राज्य शिक्षक संघ की बैठक आज

नर्मदापुरम(निप्र)। राज्य शिक्षक संघ की अति आवश्यक बैठक एजेंडानुसार 15 मार्च रविवार को ठीक सुबह 11.30 को डीईओ ऑफिस के पास हनुमान मंदिर में आहुत की गई है। जिसमें टी ई टी ;शिक्षक पात्रता परीक्षा एवं जिले की शिक्षक संवर्ग की लंबित समस्याओं के विषय में विचार विमर्श कर टी इ टी परीक्षा के विरोध में आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। संघ के हरिओम और और उमेश ठाकुर ने समस्त राज्य शिक्षक संघ के पदाधिकारियों सदस्यों एवं शिक्षक संवर्ग से आग्रह है कि अपने अमूल्य समय में से समय निकाल कर बैठक में अवश्य पधारें।

## राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न

नर्मदापुरम(निप्र)। जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने एवं युवाओं में खेल भावना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न नवाचारात्मक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु जैन के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत नवाचार एवं पारंपरिक खेल प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन नर्मदा महाविद्यालय के इनडोर स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के समस्त विकासखण्डों के ग्रामीण क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मुकाबले में विकासखण्ड नर्मदापुरम की टीम ने विकासखण्ड केसला की टीम को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि विकासखण्ड सोहागपुर की टीम तृतीय स्थान पर रही।

## एसडीएम पिपरिया के निर्देशन में राजस्व-पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

### पचमढ़ी के होटल-ढाबों में एलपीजी उपयोग की जांच



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार शनिवार 14 मार्च 2026 को राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पिपरिया एसडीएम के नेतृत्व में पचमढ़ी क्षेत्र के विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट एवं चाय दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान घरेलू एलपीजी गैस के उपयोग संबंधी व्यवस्थाओं की जांच की गई। टीम द्वारा नटराज होटल, इंडियन कॉफी हाउस, पलाश होटल, ताज होटल, होटल इंद्रप्रस्थ, होटल साक्षी, लक्ष्मण होटल, होटल पांडव, होटल कचनार, होटल देशी तड़का, मनोहर टी स्टॉल, रेड चिली कैफे तथा यादव टी स्टॉल सहित अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी होटल संचालकों को घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग को लेकर हिदायत दी गई तथा निर्देशित किया गया कि भविष्य में यदि कहीं घरेलू एलपीजी गैस का उपयोग पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान टीम ने काबरा गैस एजेंसी (एचपी) पहुंचकर वहां की भंडारण व्यवस्था, गैस आपूर्ति एवं उपलब्ध स्टॉक की भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए।

## NFSA के तहत पात्र परिवारों को दो माह का अग्रिम राशन

### मार्च-अप्रैल माह के राशन का होगा एकमुश्त वितरण

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा पात्र परिवारों को मार्च-अप्रैल एवं मई जून माह में दो-दो माह की राशन सामग्री का अग्रिम आवंटन एवं वितरण करने हेतु निर्देशित किया गया है जिसमें मार्च एवं अप्रैल माह का एकमुश्त वितरण 10 मार्च से 15 अप्रैल 2026 तक एवं मई एवं जून माह का वितरण 01 मई से 31 मई 2026 तक किया जाना है। NFSA अंतर्गत समस्त पात्र परिवारों को शासन द्वारा मार्च एवं अप्रैल माह की राशन सामग्री एकसाथ वितरित कराई जा रही है। इसके लिए हितग्राही उचित मूल्य दुकानों पर लगायी गयी पीओएस मशीन से एकबार मार्च माह के लिए तथा दूसरी बार अप्रैल माह के लिए इस प्रकार कुल 02 बार मशीन पर अपना अंगूठा लगाकर बॉयोमेट्रिक सत्यापन करना होगा। 02 बार अंगूठा लगाने के बाद उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा हितग्राही को दोनो माहों की राशन सामग्री एकसाथ दी जावेगी।

# कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी के नेतृत्व में कमिश्नर कार्यालय परिसर में श्रमदान कर की गई साफ-सफाई



नर्मदापुरम (निप्र)। कमिश्नर नर्मदापुरम संभाग कृष्ण गोपाल तिवारी के नेतृत्व में शनिवार सुबह कमिश्नर कार्यालय परिसर में साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया गया। सुबह 7 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में कमिश्नर कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान कमिश्नर तिवारी ने पूरे कार्यालय परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर पालिका का अमला नियमित रूप से प्रॉपर तरीके से सफाई सुनिश्चित करे तथा कचरे का उचित तरीके से निस्तारण किया जाए।

उन्होंने कहा कि पूरे नगर में भी बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।कमिश्नर श्री तिवारी ने सीएमओ को निर्देशित किया कि नगर की सभी नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को केवल एक दिन का कार्यक्रम न बनाकर इसे दैनिक आदत के रूप में अपनाया जाए। साथ ही आवश्यकता अनुसार परिसर के विभिन्न स्थानों पर रंग-रोगन कराने के निर्देश भी दिए। श्रमदान कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त विकास नवल मीना, उपआयुक्त विकास डी.एन. पटेल, श्रम विभाग से श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता साहू, पेंशन विभाग से मयंक गुर्जर, तरुण लोवंशी सहित महिला एवं बाल विकास विभाग, एमपीआरडीसी, नगरीय प्रशासन, कृषि, सहकारिता, जनसंपर्क सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एचपीवी वैक्सीनेशन के शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति हेतु एसडीएम जय सोलंकी की अध्यक्षता में संयुक्त बैठक सम्पन्न

नर्मदापुरम (निप्र) । कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एचपीवी (HPV) टीकाकरण महाभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जय सोलंकी की अध्यक्षता में संयुक्त समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी कर्मचारियों को अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. संदीप किर्किट्टा तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीति यादव विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस दौरान मैदानी अमले को सर्वाइकल कैंसर के कारणों, इसके जोखिमों तथा एचपीवी वैक्सीन के महत्व और लाभों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही वैक्सीन की सुरक्षा, गुणवत्ता एवं इसके वैज्ञानिक आधार के बारे में भी कर्मचारियों को अवगत कराया गया।

## संभागीय कृषि यंत्री कार्यालय नर्मदापुरम का हुआ शुभारंभ, नरवाई प्रबंधन पर कार्यशाला भी हुई आयोजित

नर्मदापुरम(निप्र)। कृषि अभियांत्रिकी विभाग के संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री, नर्मदापुरम का शनिवार को शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नरवाई प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद नर्मदापुरम दर्शन सिंह चौधरी, संचालक कृषि अभियांत्रिकी पवन सिंह श्याम, केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण संस्थान बुदनी के निदेशक डॉ. बी.एम. नांदेडे तथा पूर्व संचालक कृषि अभियांत्रिकी राजीव चौधरी द्वारा कार्यालय का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि नर्मदापुरम में संभागीय कार्यालय स्थापित होने से अब संभाग के किसानों को विभिन्न योजनाओं और तकनीकी मार्गदर्शन के लिए भोपाल नहीं जाना पड़ेगा। इससे नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल जिलों के कृषकों को योजनाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर आसानी से मिल सकेगा। वर्ष 2026 को कृषक वर्ष घोषित किया गया है, जिसके तहत किसानों के हित में शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान आयोजित कार्यशाला में कृषि अभियांत्रिकी, फार्म मैकेनाइजेशन तथा नरवाई प्रबंधन के संबंध में किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई तथा उन्हें आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक कृषि यंत्री बैतूल डॉ. प्रमोद मीणा द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रयागराज रघुवंशी, गोकुल पटेल, वंदना द्विवेदी, रोहित गौर तथा लोकेश सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक कृषि अभियांत्रिकी एम.डी. देनी, अभिषेक दीक्षित, डीडीए नर्मदापुरम सिंह, कृषि यंत्री भोपाल बी.एस. कोठारी, सहायक कृषि यंत्री राहुल साहू तथा सहायक कृषि यंत्री नर्मदापुरम सी.एस. वरकड़े सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला चिकित्सालय में अग्नि आपदा से निपटने के लिए हुई मॉक ड्रिल आयोजित

### प्लाटून कमांडर ने आपदा प्रबंधन उपकरणों के उपयोग से बच्ची को सुरक्षित बाहर निकलने का किया प्रदर्शन

नर्मदापुरम (ए.)। कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा विगत एक सप्ताह से आपदा प्रबंधन के तहत



एसडीआरएफ एवं होमगार्ड जवानों को आपदा के समय उचित प्रबंधन एवं बचाव कार्य के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गति दिवस कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में भी सेठानी घाट पर बाढ़ आपदा प्रबंधन के तहत राहत एवं बचाव कार्य के लिए होमगार्ड जवानों को प्रशिक्षित किया गया। इसी तारतम्य में शनिवार को प्लाटून कमांडर श्रीमती अमृता दीक्षित के कुशल मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय परिसर में अग्नि आपदा से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में एसडीईआरएफ-होमगार्ड, जिला चिकित्सालय तथा नगरपालिका की संयुक्त टीम ने भाग लिया और आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया। मॉक ड्रिल के दौरान प्लाटून कमांडर अमृता दीक्षित एवं शिवराज चौधरी के नेतृत्व में आग लगने की काल्पनिक स्थिति निर्मित की गई। आग लगने की सूचना मिलते ही इमरजेंसी नंबर 1070 एवं 1079 पर कॉल किया गया, जिसके बाद फायर टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। टीम द्वारा सीढ़ी (लेडर) के माध्यम से फंसे हुए व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया तथा एम्बुलेंस के जरिए घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।मॉक ड्रिल के दौरान आईसीयू वार्ड में आग लगने की स्थिति भी निर्मित की गई। इस दौरान अस्पताल की छत पर फंसी एक बच्ची को प्लाटून कमांडर अमृता दीक्षित द्वारा केरविनर तथा असेण्डर-डिसेण्डर उपकरणों की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके साथ ही अन्य घायलों को भी सुरक्षित नीचे उतारकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## इटारसी एसडीएम की अध्यक्षता में एचपीवी टीकाकरण हेतु ब्लॉक टास्क फोर्स कमेटी की बैठक सम्पन्न

नर्मदापुरम(निप्र)। जिले में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान 28 फरवरी से इटारसी क्षेत्र में निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार 14 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुखतवा में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नीलेश शर्मा की अध्यक्षता में ब्लॉक टास्क फोर्स कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग से सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर, शिक्षा विभाग से शासकीय एवं निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक तथा स्वास्थ्य विभाग से आशा एवं एएनएम उपस्थित रहे। बैठक में सीबीएमओ डॉ. आर.एस. मीणा ने बताया कि एचपीवी वायरस महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) का प्रमुख कारण है। इस बीमारी की रोकथाम के लिए एचपीवी टीका अत्यंत प्रभावी और सुरक्षित है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता करते हुए अपनी बालिकाओं के स्वस्थ भविष्य के लिए बिना किसी डर या भ्रांति के टीकाकरण अवश्य कराएं। बैठक में एसडीएम नीलेश शर्मा ने सभी स्कूल प्राचार्यों एवं सीडीपीओ को निर्देश दिए कि 14 वर्ष आयु पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं की सूची तैयार कर सीबीएमओ को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही अभिभावकों को प्रेरित किया जाए कि वे अपनी बालिकाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुखतवा में अवकाश के दिनों को छोड़कर प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच टीकाकरण के लिए लेकर आएं।

# इटारसी की कुमारी भूमि रायकवार ने लगवाया एचपीवी टीका, बालिकाओं से टीकाकरण कराने की अपील



नर्मदापुरम(निप्र) । सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत इटारसी निवासी कुमारी भूमि रायकवार ने एचपीवी वैक्सीन लगवाकर अन्य बालिकाओं और अभिभावकों को जागरूक करने की पहल की है। उन्होंने बताया कि वैक्सीन लगवाने के बाद उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हुई है। उन्होंने 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की सभी बालिकाओं से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण टीकाकरण का लाभ अवश्य लें।कुमारी भूमि रायकवार ने कहा कि यह टीका बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने में अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर समय पर एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं।स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाएं अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर एचपीवी टीकाकरण करवा सकती हैं। यह टीका शासन द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है तथा भारत के औषधि नियामक द्वारा अनुमोदित है और सभी आवश्यक गुणवत्ता मानकों को पूरा करता है।अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपनी 14 वर्ष आयु पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष से कम आयु की बेटियों का समय पर टीकाकरण कराएं, ताकि उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। इसके लिए अभिभावक अपनी बेटियों का पंजीकरण यू-विन (U-WIN) पोर्टल के माध्यम से भी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिले में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम, सिविल अस्पताल इटारसी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनखेड़ी, पिपरिया, सोहागपुर, माखननगर, सुखतवा, सिवनीमांलवा एवं डोलरिया में भी यह सुविधा उपलब्ध है।

## जिला स्तरीय निरीक्षण समिति ने बाल देखरेख संस्थाओं का किया औचक निरीक्षण

नर्मदापुरम (निप्र) । किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 54 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय निरीक्षण समिति द्वारा जिले में संचालित विभिन्न बाल देखरेख संस्थाओं (सीसीआई) का औचक निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण अपर कलेक्टर (एडीएम) अनिल कुमार जैन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास ललित कुमार डेहरिया के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ। निरीक्षण के दौरान समिति द्वारा शिशु गृह नर्मदापुरम, जीवोदय सोसायटी इटारसी बालिका गृह तथा महादेव सुंदरम जनकल्याण शिक्षण समिति इटारसी बालिका गृह का अवलोकन किया गया। इस दौरान समिति ने संस्थाओं में बच्चों के लिए उपलब्ध आवास, भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अनिल कुमार जैन ने संस्था प्रबंधकों को निर्देश दिए कि सभी संस्थाओं का संचालन किशोर न्याय अधिनियम एवं मिशन वात्सल्य की नवीनतम गाइडलाइन के अनुसार अनिवार्य रूप से किया जाए। साथ ही बच्चों के प्रवेश, निकास एवं पुनर्वास से संबंधित सभी दस्तावेजों को अद्यतन एवं पारदर्शी रूप से संधारित रखने के निर्देश भी दिए गए।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com